
वर्ष : 17 अंक: 32 | आगरा | शुक्रवार 16 मई 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित


# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

# 500 करोड़ के बांके बिहारी कॉरिडोर को SC की मंजूरी

## पैसा मंदिर के खजाने से लिया जाएगा, भगवान के नाम पर होगी जमीन



**मथुरा (ए.)**

बांके बिहारी मंदिर के खजाने से कॉरिडोर बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कॉरिडोर बनाने की मंजूरी दे दी। अब 5 एकड़ में भव्य कॉरिडोर बनाया जाएगा।

कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर के 500 करोड़ रुपए से कॉरिडोर के लिए मंदिर के पास 5 एकड़ जमीन अधिगृहीत करने की इजाजत दी। साथ ही शर्त लगाई कि अधिगृहीत भूमि भगवान के नाम पर पंजीकृत होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को भी संशोधित किया। हाईकोर्ट ने मंदिर के आसपास की भूमि को सरकारी धन का उपयोग करके खरीदने पर रोक लगा दी थी। बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट में ईश्वर चंद्र शर्मा ने याचिका दाखिल की थी। इसमें दो मुद्दे रखे गए थे। पहला- रिसीवर को लेकर, दूसरा- कॉरिडोर निर्माण को लेकर। इन दोनों मुद्दों पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया।

### मंदिर के खजाने से खरीदी जाएगी कॉरिडोर के लिए जमीन

बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए प्रदेश सरकार मंदिर के खजाने की राशि से कॉरिडोर के लिए जमीन खरीदना चाहती थी। लेकिन, इसका मंदिर के गोस्वामियों ने विरोध किया और मामला हाइकोर्ट पहुंच गया।हाइकोर्ट ने मंदिर के खजाने की राशि के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इसके बाद याचिकाकर्ता ईश्वर चंद्र शर्मा सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और कॉरिडोर को लेकर याचिका दाखिल की। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिए आदेश में कहा कि मंदिर के खजाने से कॉरिडोर की जमीन खरीदने के लिए पैसा लिया जा सकेगा। सरकार को जमीन मंदिर के नाम लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट सार्थक चतुर्वेदी ने बताया कि सरकार सिर्फ जमीन खरीदने के लिए बांके बिहारी मंदिर के खजाने से पैसा ले सकती है।

### 500 करोड़ रुपए से बनेगा कॉरिडोर

बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनाने के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च होगा। यह खर्च भूमि अधिग्रहण के लिए किया जाएगा। बांके बिहारी मंदिर के खजाने में करीब 450 करोड़ रुपए हैं। इसी धनराशि से कॉरिडोर के लिए जमीन खरीदी जाएगी। इस जमीन को अधिगृहीत करने में जिनके मकान और दुकान आएंगे, उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

### मंदिरों में अधिवक्ता नहीं बन सकेंगे रिसीवर

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिए फैसले में यह भी कहा कि मथुरा वृंदावन के मंदिरों में अब अधिवक्ता रिसीवर नहीं बन सकेंगे। एक ऐसा रिसीवर नियुक्त किया जाए जो मंदिर के प्रबंधन से जुड़ा हो, जिसका धार्मिक झुकाव हो। वह वेदों- शास्त्रों का अच्छी तरह से ज्ञान रखता हो। साथ ही वैष्णव संप्रदाय से जुड़ा हुआ हो। जिला प्रशासन और अधिवक्ताओं को मंदिर प्रबंधन से दूर रखा जाना चाहिए। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच न्यायाधीश बेला त्रिवेदी और सतीश चंद्र शर्मा ने दिया।

# बिना परमिशन छात्रावास जाने पर राहुल गांधी पर FIR

### बिहार में 7 घंटे रहे, कहा- प्राइवेट सेक्टर में रिजर्वेशन न मिलने तक लड़ेंगे



**पटना(ए.)**

दरभंगा, पटना लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को बिहार में 7 घंटे रहे। दरभंगा में प्रशासन की परमिशन के बिना छात्रावास पहुंचे और 12 मिनट छात्रों को मंच से संबोधित किया। बिना परमिशन छात्रावास जाने के लेकर दरभंगा में राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार की ओर से दर्ज कराई गई है। दरभंगा से पटना आने के बाद उन्होंने 400 सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ फुले मूवी देखी। मूवी देखने के बाद कहा, अच्छी थी, सभी को देखना चाहिए। शाम 5.30 बजे राहुल पटना से दिल्ली के रवाना हो गए। इसके पहले उन्होंने दरभंगा में कहा कि, %मोदी ने डरकर जातीय जनगणना करवाने का ऐलान किया है। लोकसभा में हमने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि आपको जाति जनगणना करानी पड़ेगी। संविधान को माथे से लगाना पड़ेगा। आपके दबाव से पीएम ने जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया।

# लखनऊ में चलती एसी बस में आग, 5 जिंदा जले



**लखनऊ। (ए.)**

लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची, तो जले हुए 5 शव मिले। यात्री राम बालक महतो ने बस मालिक, ड्राइवर और क्लीनर के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में शिकायत दी।

# मणिपुर के चंदेल में 10 उग्रवादी ढेर 4 जिलों से 7 उग्रवादी भी गिरफ्तार



**इंफाल (ए.)**

मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया- 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। इधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं। राजधानी इंफाल से 130द्मद्व दूर सर्च ऑपरेशन जारी कोहिमा में रक्षा जनसंपर्क अधिकारी (PRO) ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि इलाके में ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। जैसे ही ऑपरेशन पूरा होगा, पूरी जानकारी साझा की जाएगी। मुठभेड़ चंदेल जिले के पहाड़ी इलाके में भारत-म्यांमार अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के करीब हुई है। यह इलाका राजधानी इंफाल से 130 किलोमीटर दूर है और यहां बहुत कम लोग रहते हैं।

**वक्फ कानून के खिलाफ याचिका पर सुनवाई 20 मई को**

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अंतरिम राहत के मुद्दे पर विचार करेंगे, केंद्र बोला- यथास्थिति बनी रहेगी




**नई दिल्ली (ए.)**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 20 मई को सुनवाई की जाएगी। CJI बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने कहा कि केंद्र और याचिकाकर्ता सोमवार यानी 19 मई तक अपना हलफनामा पेश करें। केंद्र की और से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल ने दलीलें पेश कीं। इससे पहले 5 मई को सुनवाई टल गई थी। बेंच ने कहा कि अंतरिम राहत दिए जाने के मुद्दे पर हम 20 मई को विचार करेंगे। दोनों पक्षों के वकीलों ने कहा था कि याचिकाओं के मुद्दों पर नजर डालने के लिए न्यायाधीशों को कुछ और वक्त की आवश्यकता हो सकती है। केंद्र ने भी कहा कि जब 20 मई को सुप्रीम कोर्ट मामले को सुन रहा है, तब तक कानून के अहम प्रावधान लागू नहीं होंगे, यथा स्थिति बनी रहेगी। केंद्र ने 25 अप्रैल को दायर हलफनामे में कहा था कि कानून पूरी तरह संवैधानिक है। यह संसद से पास हुआ है, इसलिए इस पर रोक नहीं लगाई जानी चाहिए। 1332 पन्नों के हलफनामे में सरकार ने दावा किया 2013 के बाद से वक्फ संपत्तियों में 20 लाख एकड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। इस वजह से कई बार निजी और सरकारी जमीनों पर विवाद हुआ। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने सरकार के आंकड़ों को गलत बताया और कोर्ट से झूठा हलफनामा देने वाले वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर हुई हैं, लेकिन कोर्ट सिर्फ पांच मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई करेगा। इसमें AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है।

# बंगाल की खाड़ी पहुंचा मानसून, 27 मई को केरल पहुंचेगा



**नई दिल्ली (ए.)** देश के 20 राज्यों में आज गुरुवार को बारिश का अनुमान है। मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश में आंधी के साथ तेज बारिश की चेतावनी है। महाराष्ट्र में 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में हीट वेव (लू) चलने के आसार हैं। बिहार के 23 और UP के 19 जिलों में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को रोहतास जिला 44 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग (IMD) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून बुधवार को बंगाल की खाड़ी पहुंच गया। यह 27 मई को केरल में दस्तक देगा। यानी मानसून आने में 12 दिन बचे हैं। मानसून ने मंगलवार को निकोबार द्वीप समूह पर दस्तक दी थी। हर साल 22 मई के आसपास अंडमान में प्रवेश करने वाला मानसून इस साल नौ दिन पहले आया है।

# एमपी मिनिस्टर शाह पर FIR की भाषा से हाईकोर्ट नाराजः कहा-अब पुलिस जांच हमारी निगरानी में होगी

**कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक बयान दिया था**



**जबलपुर/नई दिल्ली (ए.)**

कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री के विवादित बयान पर दर्ज FIR की भाषा पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ FIR को सिर्फ खानापूर्ति बताया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अब इस पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगी। जांच किसी दबाव में प्रभावित ना हो इसलिए ऐसा करना जरूरी है। हाईकोर्ट इस मामले में छुट्टियों के बाद फिर सुनवाई करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- मंत्री से जिम्मेदारी की उम्मीद की जाती है

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप किस तरह के बयान दे रहे हैं? ?देखना चाहिए कि कैसे हालात हैं? ?आप जिम्मेदार पद पर हैं, जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

मध्य प्रदेश सरकार- महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश पर बुधवार शाम 7ः55 बजे इंदौर के मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ स्न्द्बक्र दर्ज कर दी गई। जांच पुलिस कर रही है। हाईकोर्ट- जस्टिस अतुल श्रीधरन ने कहा कि यह किसी हत्या की जांच नहीं है, बल्कि एक आपत्तिजनक भाषण से जुड़ा मामला है।

### गुजरात के जामनगर के पास दिव्यांग को चलती ट्रेन से फेंका, मौत; एक आरोपी गिरफ्तार

**गुजरात** के जामनगर के पास एक 35 साल के दिव्यांग की चलती ट्रेन से फेंके जाने से मौत हो गई। घटना बुधवार की है। जामनगर रेलवे पुलिस ने गुरुवार को एक आरोपी को हाजी अय्यूब कछाड़िया को अरेस्ट किया है।

# लाड़ली बहना योजना के दो साल हुए पूरे, अब तक मिला 28 हजार करोड़ रूपए से अधिक का लाभ

**बहनों के लिए राज्य सरकार के द्वार सदैव हैं खुले - मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

**लाड़ली बहनों को सम्मान देकर पूरा प्रदेश होता है गौरवान्वित**

**देश में अनादिकाल से है नारी सम्मान की परम्परा**

**प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1551 करोड़ 89 लाख रूपए की राशि की गई अंतरित**

**56 लाख 83 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में भेजी 341 करोड़ रूपए की राशि**



**भोपाल ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के गरीब, किसान (अन्नदाता), युवा और नारी कल्याण के लिए संकल्पित है। भगवान श्रीराम की संस्कृति को मानते हुए सरकार अपने सभी वचन (संकल्प) पूर्ण कर रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के दो साल पूरे हो गये है। गुरूवार को प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को योजना की 24वीं किश्त जारी की गई है। हर महीने बहनों को 1250 रुपए राशि भेजकर हर माह रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश में नारियों के सम्मान की परम्परा अनादि काल से है। हमने जो वादा बहनों से किया था उसे लगातार निभा रहें है। हम भगवान श्रीराम की संस्कृति को मानने वाले हैं जो वचन देते हैं उसे प्राण देकर भी निभाते हैं। लाड़ली बहना को सम्मान देकर पूरा प्रदेश गौरवान्वित होता है। प्रदेश की लाड़ली बहनों को अब तक 28 हजार करोड़ से अधिक का लाभ मिल चुका है। सरकार के द्वार बहनों के लिए सदैव खुले हैं। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों के खातों में पैसे पहुंचते हैं तो घर में लक्ष्मी बनी रहती है। भारत में पारिवारिक संस्कृति ऐसी है कि एक मां अपने हिस्से का भोजन बेटे को कराकर खुश होती है। भारत दुनिया का इकलौता ऐसा देश है, जहां भारत भूमि की पूजा मां के रूप में की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को सीधी में विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरण के साथ विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि-पूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए।

# मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने की मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज गुरूवार को मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की गयी। रैकिंग में मैनपुरी 11वें, आगरा 22वें, फिरोजाबाद 15वें और मथुरा 55 वें स्थान पर रहा। पीएम सूर्य घर योजना में चारों जिलों की स्थिति खराब रही। सीएम आवास योजना में भी सभी जिले सी ग्रेड में रहे। आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये स्थिति में सुधार लाया जाए। इसके अलावा जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, पंचायती राज, मध्यान्ह भोजन में विद्यार्थियों की उपस्थिति में भी खराब स्थिति देखने को मिली। पर्यटन में आगरा और फिरोजाबाद की ग्रेड खराब रही जबकि पीडब्लूडी के सेतुओं के निर्माण, नई सड़कों के निर्माण में भी चारों जनपदों की स्थिति खराब रही। इसे लेकर आयुक्त महोदय ने जिलाधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि जिन योजनाओं में प्रगति अच्छी नहीं है, वहां गंभीरता से ध्यान दिया जाए। जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करें एवं रैकिंग में सुधार लाने का प्रयास किया जाए। लोक निर्माण के तहत मैनपुरी को छोड़ अन्य जिलों में नई सड़कों के अनुरक्षण में सुधार के निर्देश दिए। मण्डल के समस्त गौ आश्रय स्थलों को लेकर आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन वृहद गौसंरक्षण केन्द्रों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। जिन गौशालाओं का विस्तार हो सकता है, विस्तारीकरण करें। आवारा गोवंश को क्षमतानुसार गौशालाओं में सरंक्षित किया जाए। लिंक गोचर भूमि में वृद्धि की जाए तथा पूर्व में वृद्धि की भूमि पर हरा चारा बोये जाना सुनिश्चित किया जाए। जन सेवा केन्द्र को जारी रखने तथा आय बढ़ाने के निर्देश दिए।

जीरो पॉवर्टी को लेकर निर्देश दिए कि चिन्हित सभी लक्षित परिवारों के राशन कार्ड बनाए जाएं। पात्र लोगों को पेंशन और आवास योजना से लाभान्वित किया जाए। आयुष्मान, महिला कल्याण और दिव्यांग जन में अवशेष पात्रों को लाभान्वित किया जाए। किसान सम्मान निधि और वृद्धावस्था पेंशन में बड़ी संख्या में निरस्त हुए आवेदनों की जांच कर पात्रों को योजना से लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में चारों जिलों में अवशेष पैरामीटर्स पर काम करें। सभी परिषदीय विद्यालयों को शौचालय, विद्युत संयोजन और बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कराया जाए। सीएसआर, सांसद निधि अथवा अन्य मदों के माध्यम से फण्ड जुटाकर फर्नीचर की व्यवस्था करते हुए सभी विद्यालयों को पूर्ण संतृप्त बनाए जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियों के भुगतान जारी करने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना में सीनियर सिटीजन के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु योजना का प्रचार प्रसार किया जाए



तथा ग्राम चौपाल अथवा पंचायत सचिव के माध्यम से घर-घर जाकर सीनियर सिटीजन के कार्ड बनाए जाएं। वहीं उपचारित लाभार्थियों को ससमय योजना का लाभ दिलाए जाने की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर योजना एवं रूफ टॉप सोलर एनर्जी को लेकर महोदय ने धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की, जिलाधिकारियों को अलग से बैठक करने तथा ज्यादा से ज्यादा सोलर प्लांट स्थापित किए जाने की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग के अन्तर्गत किसान पंजीकरण में सुधार लाया जाए। बैंक क्रेडिट लिंकेज बढ़ाने हेतु लगातार मॉनीटरिंग की जाए। खाद्य विभाग में उचित दर की जो दुकाने निलम्बित हैं, उनका निस्तारण करने तथा जिन जिलों में मॉडल दुकानों का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर पुरानी दुकानों को शिफ्ट किए जाने के निर्देष दिए। आवास प्लस सर्वे का शत प्रतिषत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए जबकि सीएम आवास ग्रामीण में 99 पात्रों को अभी तक पहली किश्त जारी नहीं की गयी है, इसकी जांच करने के निर्देश दिए। सीएम युवा उद्यमी अभियान को लेकर महोदय ने कहा कि फिरोजाबाद, मथुरा और मैनपुरी में ध्यान देने की जरूरत है, लक्ष्य के सापेक्ष मार्जिन मनी का वितरण किया जाए।

दिव्यांग जन पेंशन में कोई भी सत्यापन अवशेष न हो, प्रक्रिया लगातार चलती रहे। आगरा मण्डल की 50 करोड़ की लागत से उपर की परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। अवगत कराया गया कि 18 परियोजनाओं का कार्य चल रहा है। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आगरा में पुलिस लाईन में ट्रांजिट हास्टल का निर्माण कार्य लक्षित जुलाई माह तक कार्य पूर्ण किया जाए। शिल्पग्राम में यूनिटी मॉल के निर्माण में टालमटोल न करते हुए अब कार्य जल्द शुरू किया जाए। मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे से पागल बाबा मंदिर तक 4 लेन निर्माण कार्य एवं यमुना नदी पर 2 लेन सेतु निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के साथ-साथ वृदांवन परिक्रमा मार्ग को भी दुरूस्त करने हेतु पीडब्लूडी को निर्देश दिए। शिवाजी महाराज संग्रहालय का निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। वृदांवन स्थित नदी के घाटों के विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण परियोजना के संबंध में निर्देश दिए कि सोमवार तक फाइनल ब्रीफ रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद का निर्माण कार्य पूरा होने पर संबंधित विभाग को हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फिरोजाबाद और मथुरा में धीमी गति से चल रहे कार्य में तेजी लाने हेतु मैनपावर बढ़ाने के निर्देश दिए।

अंत में यूनीसेफ द्वारा आगरा मण्डल के चारो जिलों में चलाए जा रहे अभियान और कार्यों की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया। स्वास्थ सेवाओं के मामलों में मण्डल में मथुरा जनपद सबसे पीछे चल रहा है। वहीं मण्डल में बच्चों को दी जाने वाली कैल्शियम की गोली, वजन मशीन, एचआईवी स्क्रीनिंग आदि मशीनों की कमी से अवगत कराया गया। आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि जो कमियां हैं, उन्हें दुरूस्त किया जाए। सीएमओ अपनी सर्वे टीम और सुपरवाइजर को क्षेत्रों में निकालें। इसके अलावा मण्डल के सभी विभागों में ई ऑफिस को ऑपरेटिंग बनाने तथा इसका उपयोग करने के निर्देश दिए।

# मण्डलायुक्त ने ऑपरेशन जागृति के तहत अतरौली में छात्राओं को किया जागरूक

## युवा पीढ़ी से अच्छे रास्तों पर चलते हुए अपने समाज, परिवार और भारत देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाने का किया आव्हान



**अलीगढ़।** ऑपरेशन जागृति फेज-04 अभियान के अन्तर्गत तहसील अतरौली में के0एस0आर0एम0बी0 इण्टर कालेज में छात्राओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, साइबर क्राइम एवं घरेलू तथा निजी विवादों में महिलाओं के माध्यम से झूठे मुकद्दमें के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़, संगीता सिंह का एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा गार्ड-ऑफ-ऑनर देते हुए सैनिक बैण्ड के साथ उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कालेज के स्काउट टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के आत्म सुरक्षा करतवों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा महिला सुरक्षा के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों को समान अवसर एवं उनके प्रति समाज की सोच को बदलने के अलावा उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। मण्डलायुक्त ने छात्राओं को साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं सभी छात्रों को नशे जैसी बुराईयों से दूर रहने का आव्हान करते हुए ऑपरेशन जागृति फेज-04 के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अत्यन्त गर्व की बात है कि इस विद्यालय की स्थापना वर्ष 1910 उस समय हुई जब देश अंग्रेजों के पराधीन था और इस विद्यालय की स्थापना में विदुषी महिला माता गंगाबाई का योगदान था। उस समय महिलाओं की स्थिति देश में अच्छी नहीं थी। ऐसे समय में एक महान महिला द्वारा कालेज की स्थापना किया जाना आज के समय युवा पीढ़ी के लिए अत्यन्त प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। सुनीता विलियम्स, कर्नल सोफिया कुरैशी एवं व्योमिका सिंह आज की युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत हैं। ऑपरेशन जागृति के अन्तर्गत संचालित सभी अभियानों को हमें सिर्फ इस प्रोग्राम तक ही सीमित नहीं रखना है, बल्कि यहां से संकल्प लेकर इस प्रचार एवं प्रसार निरन्तर अपने दोस्तों, परिवार एवं समाज में करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इंटरनेट आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण है। इंटरनेट पर अच्छी एवं खराब दोनों चीजें मौजूद है। हमें अच्छी चीजों का उपयोग अपनी शिक्षा, समाज में बुराईयों को दूर करने और भारत देश को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए करते हुए सभी बुराईयों से दूर रहना है। आज युवा पीढ़ी को अच्छे रास्तों पर चलते हुए अपने समाज, परिवार और भारत देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाना है। हम सभी आज संकल्प ले कि हम अपने देश और समाज के लिए काम करेगें। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अमृतलाल ने छात्राओं को अपनी शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के साथ ही सभी क्षेत्रों में उन्नति प्राप्त करने का आव्हान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक क्राइम श्रीमती ममता कुरील ने ऑपरेशन जागृति का उद्देश्य एवं समाज में महिला अपराधों के प्रति होने वाली घटनाओं के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया कि आज समाज में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हुए समाज और परिवार एवं देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाना है और इस महिला सुरक्षा मिशन का प्रचार व्यापक रूप से करना है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अतरौली मोहम्मद अमान, क्षेत्राधिकारी पुलिस अतरौली श्रीमती सर्जना सिंह व विजयकान्त शर्मा थाना प्रभारी अतरौली सहित स्कूल प्रधानाचार्य वीके श्रोती एवं अन्य अध्यापक, समाज सेवी इं0 हिमांशु मित्तल अध्यक्ष युवा पहल मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य को अच्छे आयोजन एवं सभी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# सीमैक्स इंटरनेशनल स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के तहत यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना सासनी क्षेत्रांतर्गत सीमैक्स इंटरनेशनल स्कूल सासनी में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई । इस दौरान श्रीमती पारुल सारस्वत प्रधानाचार्य, प्रभारी निरीक्षक थाना सासनी, प्रभारी महिला शिकायत प्रकोष्ठ, स्कूल के छात्र/छात्राएं,स्कूल का स्टाफ ,अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे । सर्वप्रथम स्कूल स्टाफ द्वारा पुलिस अधीक्षक को भगवान श्री राम की मूर्ति भेट कर उनका स्वागत किया गया ।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा कार्यक्रमों, कविताएं आदि के माध्यम से आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जागरुक किया गया । इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन मे ऑपरेशन जागृति के मुख्य उद्देश्य- महिलाओं के प्रति अपराध, झूठे प्रकरणों में महिलाओं को मोहरा बनाने की प्रवृति एवं उसके दुष्परिणाम, लव रिलेशनशिप के प्रति अभिभावकों, किशोर व किशोरियों को जागरूक करना, साइबर हिंसा से सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा, युवावस्था में नशे का सेवन के प्रति एवं उसके परिणाम, परिवारिक विघटन के मामलों में काउंसलिंग व रेफरल उपलब्ध कराने पर प्रकाश डाला गया एवं विस्तार से अवगत कराया गया ।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए कांग्रेसियों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में एसडीएम श्रीमती प्रज्ञा यादव को ज्ञापन सौंपा। कर्नल सोफिया पर की गई टिप्पणी को लेकर गुरूवार को कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम प्रज्ञा यादव को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी भारतीय सेना की प्रतिष्ठित अधिकारी हैं, सैन्य अधिकारी का अपमान किसी भी हालत में सहन नहीं होगा। मंत्री की टिप्पणी न केवल निंदनीय है, बल्कि एक महिला सैन्य अधिकारी का घोर अपमान भी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां समाज में गलत संदेश फैलाती हैं। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने राज्यपाल से मंत्री के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेसियों ने कहा है कि कार्रवाई होने से भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं करेगा। ज्ञापनदाताओं में राजेश शर्मा, संतोष शर्मा, मुकेश कुमार, योगेश शर्मा,कृष्ण कुमार मधुकर नगाईच आदि मौजूद थे।



# जिलाधिकारी ने सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड की मेधावी छात्राओं से किया संवाद

**छात्राओं ने सिविल सेवा, रिसर्च, कोचिंग का महत्व, सोशल एवं कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर करने सबंधी जिज्ञासाओं को किया दूर, डीएम ने निरंतर मेहनत करते रहने की प्रेरणा देते हुए प्रशासन स्तर पर हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के प्रति किया आश्वस्त, धारणाओं एवं भ्रांतियों पर ध्यान न देते हुए अपनी रुचि के अनुसार विषयों का करें चयन-संजीव रंजन, डीएम**




**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा कलैक्ट्रेट सभागार में सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में जिले की विभिन्न विद्यालयों की टॉपर्स छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने छात्राओं के साथ खुलकर संवाद किया, उनके अनुभवों, लक्ष्य एवं भविष्य की योजनाओं को जाना। छात्राओं ने भी प्रशासनिक अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों ने सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से दिया। छात्राओं ने सिविल सेवा, रिसर्च, भविष्य में स्ट्रीम एवं विषयों का चयन, परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने, कोचिंग का महत्व, सोशल एवं कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर करने सबंधी जिज्ञासाओं को दूर किया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों की यह सफलता समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी और आश्वस्त किया कि प्रशासन स्तर पर उन्हें हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। डीएम ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचान कर आगे बढ़ने और कैरियर के साथ-साथ स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने सबंधी टिप्स भी सुझाए। उन्होंने यह भी कहा कि कैरियर के फेर में बचपन को हाथ से न जाने दें, ये दिन वापस नहीं आएंगे। हर विषय का अपना महत्व होता है। धारणाओं एवं भ्रांतियों पर ध्यान न देते हुए अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन कर अध्ययन करें। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए शिक्षा में निरंतर गुणवत्ता और नवाचार को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत से ही सफलता संभव है। उन्होंने समय प्रबंधन विशेष ध्यान देने की नसीहत देते हुए कहा कि इसका फायदा आपको जीवन भर मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। इस दौरान डीआईओएस सर्वदानन्द, एडीआईओएस मनोरमा ठाकुर, डीपीओ अजित कुमार, विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं छात्राओं के माता-पिता भी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम का संचालन नीतू सारस्वत द्वारा किया गया।

**टॉपर्स छात्राओं ने किया प्रतिभाग :**

सीबीएसई इंटरमीडिएट की छात्रा चैतन्या श्रीवास, सांची अरोड़ा, ईशा शर्मा, वेदिका चौधरी, वंदना चौधरी, अनुष्का सिंह, संरक्षिता, अपूर्वा राघव, विधि वर्मा, नैना अग्रवाल, हिमांशी, अंजलि, मानसी ने संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सीबीएसई हाई स्कूल की इफरा रीजवी, महिका माहेश्वरी, अनुष्का सिंह, विदिशा अग्रवाल, उत्प्रेक्षा चौहान, सौम्या चौहान, देवांशी वार्ष्णेय, रिद्धि गुप्ता, विदुषी सिंह, यशिका, कनिष्का सिंह, निमिर्ति वार्ष्णेय, मान्या बंसल, चारु चौधरी ने प्रतिभाग किया।

इसी प्रकार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इंटरमीडिएट टॉपर शिखा कुमारी, रानू, प्राची, खुशबू, निशा, साक्षी, अवंतिका सिंह, खुशी और हाई स्कूल की टॉपर्स प्रियांशी, काजल कुमारी, परी शर्मा, भारती, प्रिया चौहान, रिया अग्रवाल, हिना कुमारी, छवी शर्मा, उमा एवं शिवानी द्वारा संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री का सिकंदराराव में प्रथम प्रवास, कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर



**हाथरस।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश का प्रथम बार नगर सिकंदराराऊ में गरिमामयी प्रवास हुआ। उनका स्वागत नगर के कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ किया। यह प्रवास नगर सह मंत्री मोनू माहेश्वरी के निवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्हें प्रांतीय संगठन मंत्री का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायक विचारों से कार्यकर्ताओं में नव ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।कार्यक्रम के दौरान संगठन की भावी योजनाओं पर चर्चा हुई एवं समाज हित में कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश भी प्राप्त हुए। प्रांत संगठन मंत्री ने हिंदू समाज के एकत्रीकरण पर विशेष जोर दिया वहीं हिंदू समाज की बहन बेटियों की लव जिहाद जैसे कुकृत्य से किस प्रकार रक्षा हो, इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर में संगठन मंत्री के प्रथम आगमन को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण रहा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि संगठन की जड़ें स्थानीय स्तर पर भी गहराई से स्थापित हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष राय सिंह , निधि राज वार्ष्णेय, नगर मंत्री पवन वार्ष्णेय, नगर सह मंत्री मोनू माहेश्वरी, प्रचार प्रमुख गोविंद ठाकुर, गौ सेवा प्रमुख अक्की यादव, धर्माचार्य प्रमुख देवेन्द्र राघव , साप्ताहिक मिलन प्रमुख जयपाल सिंह , अनेक पाल , बजरंग दल नगर सहसंयोजक विशाल पुंडीर, विपिन लाल, नगर पालिका सभासद राज वार्ष्णेय, अमन गुप्ता, राहुल हिंदूवादी, राघव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# 1.61 करोड़ पौधों से ब्रज क्षेत्र में हरियाली होगी विकसित

- मानसून में होगा वृहद वृक्षारोपण, नर्सरी में पौध हो रही तैयार
- हरा- भरा होगा ब्रज मंडल, लगाए जाएंगे फलदार और छायादार पौधे
- उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने में जुटी योगी सरकार

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। मंडल में हर वर्ष में हरितमा का विकास और सघन पौधरोपण कर हरियाली विकसित की जा रही है। इसको लेकर मानसून से पहले ही प्रशासन सक्रिय हो गया है। इस बार आगरा मंडल में मानसून के समय 1.61 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। वृहद वृक्षारोपण के लिए सभी विभागों की तरफ से तैयारियां शुरू हो गई हैं। मानसून के आगमन के पहले ही आगरा मंडल में हरियाली विकसित करने की प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। वन संरक्षक अनिल कुमार पटेल ने बताया कि ब्रज क्षेत्र के वातावरण को हरा भरा बनाने के लिए सबसे अहम जिम्मेदारी वन विभाग की रहती है। आगरा मंडल को हरा- भरा बनाना है तो पौधे लगाना बहुत जरूरी है। इस वर्ष भी आगरा मंडल में वन विभाग व अन्य विभागों द्वारा 1.61 करोड़ पौधे रोपित किए जाएंगे। सभी विभागों की जिम्मेदारी होगी, जहां भी पौधे रोपित किए जा रहे हैं, उनकी देखरेख भी वही विभाग करेंगे। मंडल में जनपद आगरा में कुल 51.42 लाख, मथुरा में 35.30 लाख, मैनपुरी में 35.63 लाख और फिरोजाबाद में 39.16 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। इसमें वन विभाग द्वारा जनपद आगरा में 14.90 लाख, मैनपुरी में 10 लाख, मथुरा में 4.90 लाख, फिरोजाबाद में 16 लाख पौधरोपण किया जाएगा। आगरा मंडल में पर्यावरण विभाग 7 लाख 64 हजार, ग्राम्य विकास 62 लाख 80 हजार, राजस्व विभाग 5 लाख 27 हजार, पंचायती राज विभाग 6 लाख 38 हजार, आवास विकास 31 हजार, नगर विकास 3 लाख 41 हजार, लोक निर्माण 77 हजार, जलशक्ति (सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग) 40500, जलशक्ति (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति) 40500, रेशम विभाग 01 लाख 7 हजार, कृषि विभाग 12 लाख 55 हजार, पशुपालन 46 हजार, उद्योग विभाग 56 हजार, सहकारिता 27160, ऊर्जा विभाग 35420, माध्यमिक शिक्षा 38 हजार, बेसिक शिक्षा 62 हजार, प्राविधिक शिक्षा 30 हजार, उच्च शिक्षा 01 लाख 6 हजार, श्रम विभाग 13 हजार 800, स्वास्थ्य विभाग 69 हजार, परिवहन विभाग 12 हजार 900, रेलवे 81 हजार, रक्षा 28 हजार, उद्यान 7 लाख 76 हजार, गृह विभाग 39 हजार 760, औद्योगिक विकास विभाग 50 हजार पौधरोपित करेंगे।

**आवश्यकता है**

**कैप्टन श्री गंगा सिंह यादव महिला महाविद्यालय घमुर्रा मैनपुरी**

1. प्राचार्या पद-1, 2. बीए-हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, राजनीति विज्ञान, गृहविज्ञापन एक-एक पद। 3. बीएससी- जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित एक-एक पद।

योग्यता एवं वेतनमान-UGC के मानकानुसार।

योग्य अभ्यर्थी महाविद्यालय के पते पर 15 दिनों के अन्दर शीघ्र संपर्क करें। मो. 9720400111

# अन्तर्राज्यीय बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश

**हाथरस।** पुलिस ने एक संगठित बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने विजयवाड़ा से गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार कर 4 साल के अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।घटना 9 मई की है, जब कोतवाली नगर थाने में 4 वर्षीय कविश निवासी मोहल्ला जागेश्वर की गुमशुदगी की सूचना दर्ज हुई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस की चार टीमें बच्चे की खोजबीन में जुट गई। पुलिस ने करीब 500 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपियों को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से पकड़ा। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर हाथरस लाया गया।एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह नवजात से लेकर 3-4 साल के बच्चों को चुराता है। इस गिरोह में एक दर्जन सदस्य शामिल हैं। गिरोह के सदस्य पहले टारगेट परिवार के आस-पास किराए का मकान लेते हैं। फिर परिवार से दोस्ती कर बच्चे की तस्वीर अपने साथियों को भेजते हैं। सौदा तय होने पर मौका देखकर बच्चे को बहला-फुसलाकर ले जाते हैं।गिरोह बच्चों की उम्र के हिसाब से कीमत तय करता है। नवजात शिशुओं की कीमत सबसे ज्यादा होती है। बच्चे को एक सदस्य से दूसरे को सौंपते हुए अंतिम खरीदार तक पहुंचाया जाता है। पुलिस पूछताछ में अब तक 8 बच्चों की खरीद-फरोख्त का मामला सामने आया है। गिरफ्तार आरोपियों में हाथरस के जागेश्वर कालोनी निवासी मोनू पाठक और आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले के जिद्दी पाटला राघवेंद्र के अलावा दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है। इधर, बच्चे की सकुशल बरामदगी के बाद परिवार काफी खुश नजर आया। परिवार के लोगों ने पुलिस टीम का काफी आभार जताया। पुलिस अधीक्षक ने भी इस बच्चे को स्नेहपूर्ण अपनी गोदी में ले लिया।

## अखण्ड भारत महासंघ के बृजप्रांत अध्यक्ष बने गोपाल सिंह चाहर, भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** राष्ट्र संत महंत श्री अवैधनाथ जी महाराज की विचारधारा से ओतप्रोत आगरा जनपद के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक गोपाल सिंह चाहर को हिन्दू समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए अखण्ड भारत महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र विराट ने राष्ट्रीय महामंत्री अधिवक्ता रविन्द्र राघव की अनुशंसा पर संगठन में उन्हें दोहरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिछले कई दशकों से हिन्दू समाज को समर्पित नेता गोपाल सिंह चाहर को बृज प्रांत अध्यक्ष के साथ-साथ संपूर्ण झांसी मंडल का प्रभारी बनाया गया है। श्री चाहर के मनोनयन से कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में हर्ष की लहर दौड गई है और उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। अपने मनोनयन पर गोपाल सिंह चाहर ने कहा कि वे सच्ची श्रद्धा और निष्ठा के साथ शीर्ष नेतृत्व से मिलीं जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे और संगठन के विस्तार में युवा और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि भारत को जेहाद मुक्त अखण्ड हिन्दू राष्ट्र बनाने तक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा, निकट भविष्य में भारत को जेहाद मुक्त अखण्ड हिन्दू राष्ट्र बनाने से विश्व की कोई ताकत नहीं रोक सकती। बता दें कि पूर्व में गोपाल सिंह चाहर हिंदू जागरण मंच, बजरंगदल, धर्म जागरण, शिव सेना जैसे संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति और धर्म के विस्तार के लिए कार्य करते रहे है, जो आज भी जारी है। हर्ष व्यक्त करने वालों में विवेक गर्ग, शशि लवानिया, राजेश जैन, पंकज मिश्रा, जल सिंह, अधिवक्ता प्रमोद चौधरी, दिनेशलाल कुशवाहा, आकाश जादोन, हीरालाल अंडे वाले, प्रदीप शर्मा, पूनम राठोर, सपना वर्मा और मानसी सिकरवार सहित बबीता शर्मा का नाम शामिल हैं।

## सुहागरात के दिन गहने और कैश लेकर भागी दुल्हन :

### परिवार को नशीला दूध पिलाया; बिचौलिया बोला उसे भूल जाओ. दूसरी करा देंगे

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा में सुहागरात के दिन दुल्हन गहने और नकदी लेकर भाग निकली। रात में उसने दूल्हे और परिवार वालों को केसर वाला दूध दिया, जिसमें नींद की गोली मिला दी। इसके बाद अलमारी से गहने, शगुन और कैश बटोरे और फरार हो गई। सुबह होश आने पर दूल्हे ने पूरे घर में दुल्हन को ढूंढा। मगर वो कहीं नहीं दिखी। परिवार वालों ने चेक किया तो घर से सारे गहने भी गायब थे। पीड़ित ने बिचौलिए और लुटेरी दुल्हन सहित 5 पर मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना एत्मादौला के सीतानगर की है।



**वकील ने तय कराई थी शादी**

सीतानगर निवासी कुसुमा ने पुलिस को बताया वह छोटे बेटे की शादी के लिए लड़की देख रही थी। इसी बीच उनकी मुलाकात जयप्रकाश नाम के व्यक्ति से हुई। वो बेटे की दुकान पर आते थे। 1 मई को उन्होंने बेटे से शादी के बारे में बात की। शाम को वो घर आ गए। उन्होंने बताया कि वो वकील हैं। ट्रांस यमुना फेज 2 में रहते हैं। उसकी जान पहचान की एक लड़की है। परिवार अच्छा है मगर परिजन गरीब हैं। ऐसे में शादी का पूरा खर्चा उठाना होगा। इस पर वो राजी हो गईं। उस दिन वो 40 हजार रुपए ले गए। जयप्रकाश ने 4 मई दोपहर तीन बजे फोन किया कि लड़की और उसके परिजन आ गए हैं। दयालबाग आ जाओ। आज ही शादी करवा देते हैं।

**शादी स्थल पर 40 हजार रुपए कैश और लिए**

इसके बाद वो अपने बेटों को लेकर उनके बताए स्थान पर पहुंच गईं। यहां पर जयप्रकाश ने उनसे 80 हजार रुपए और ले लिए। इसके बाद नगला पदी के महादेव मंदिर में बेटे की शादी करवा दी। रात को दुल्हन विदा होकर घर आ गई। छह मई की रात को कंगन की रस्म पूरी होने के बाद दुल्हन बेटे के कमरे में गई। उसने बेटे को दूध पिलाया। इसके बाद रात को वही दूध घर वालों को भी दिया। इसमें नशीला पदार्थ था। दूध पीने के बाद पूरा परिवार बेहोश हो गया। दुल्हन घर से 1 लाख 30 हजार रुपए और जेवर लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने बताया कि आसपास के कैमरे देखे तो पता चला कि युवती को लेने के लिए 6 लोग आए थे।

**बिचौलिया बोला भूल जाओ, दूसरी शादी करा देंगे**

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद वो बिचौलिए जयप्रकाश के पास गए। उसको पूरी बात बताई तो वो बोले कोई बात नहीं है। जो हुआ भूल जाओ। परेशान न हो बेटे की दूसरी शादी करवा देंगे। उसने धमकी भी दी कि अगर पुलिस में गए या किसी को ये बात बताई तो पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसा देंगे।

**फर्जी निकले सब रिश्तेदार**

युवक ने बताया कि बिचौलिए ने बताया था कि लड़की मिर्जापुर की रहने वाली है। उसके मां बाप नहीं है। मामा मामी, बुआ और फ़ूफा को साथ लाया था। इस घटना के बाद जब लड़की के मामा से बात की तो उसने बताया कि वो तो वकील के कहने पर मामा बनकर आया था। उसने कहा था कि 10 हजार रुपए दूंगा। मगर, शादी के बाद केवल 500 रुपए ही दिए। इंस्पेक्टर देवेंद्र दुबे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## बरहन में रफ्तार का कहरः स्कूली बच्चों को चपेट में लिया, ग्रामीणों ने की धुनाई, तोड़फोड़

### सरस्वती ज्ञान मंदिर के पास हुआ हादसा, अर्पित और दिव्यांशी गंभीर रूप से घायल

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जनपद थाना बरहन क्षेत्र के कस्बा बरहन में गुरुवार सुबह रफ्तार और लापरवाही ने एक बड़े हादसे की नींव रख दी। सरस्वती ज्ञान मंदिर से छुट्टी के बाद घर लौट रहे दो मासूम छात्रों को एक अनियंत्रित कार ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार एक विद्युत पोल से टकरा गई। इसके बाद भागने की कोशिश कर रहे कार सवारों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। गुस्साई भीड़ ने कार पलट दी और सवारों की जमकर धुनाई कर दी।

**विद्यालय से लौटते बच्चों को चपेट में लिया**

हादसा गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे का है। सरस्वती ज्ञान मंदिर से छुट्टी के बाद नगला बेल गांव निवासी अर्पित (कक्षा 5) और दिव्यांशी (कक्षा 1) घर लौट रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पहले बिजली के खंभे से टकराई और फिर दोनों बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

**ग्रामीणों ने पकड़े सवार, की धुनाई, कार में तोड़फोड़**

कार की टक्कर से विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सवार किसी तरह कार से निकलकर भागने की कोशिश करने लगे। प्राचीन शिव मंदिर के पास स्थानीय ग्रामीणों ने कार सवारों को पकड़ लिया और जमकर धुनाई की। भीड़ ने कार में तोड़फोड़ कर दी और उसे सड़क किनारे पलट दिया। स्थिति बिगड़ती देख बरहन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया।

**पुलिस ने कार को कब्जे में लिया**

थाना अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि हादसे में घायल बच्चों को प्राथमिक इलाज दिलाया गया है। कार को कब्जे में ले लिया गया है और सवारों की पहचान कराई जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला लापरवाही से गाड़ी चलाने और तेज रफ्तार का प्रतीत होता है।

**ड्राइविंग पर फिर उठे सवाल**

इस हादसे ने एक बार फिर कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में लापरवाह ड्राइविंग की खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर कर दिया है। संकरी सड़कों पर बेलगाम रफ्तार किसी भी समय मासूम जानों पर भारी पड़ सकती है। अगर ग्रामीण मौके पर सक्रियता नहीं दिखाते, तो मामला और गंभीर हो सकता था।

## अरावली की खान में किसान की मौतः गाय को पानी पिलाने गए थे 50 वर्षीय जुगेंद्र सिंह , पैर फिसलने से डूबे, मौत

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव पुरामना स्थित अरावली की पहाड़ियों में खान में गाय को पानी पिलाने गए। (50) वर्षीय किसान की पैर फिसलने से मृत्यु हो गयी। मौके पर अफरा तफरी मच गयी। किसान की मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पुरामना निवासी 50 वर्षीय किसान जुगेंद्र सिंह पुत्र कमल सिंह रोज की तरह दोपहर ढाई बजे अपनी गाय को पानी पिलाने खान पर गए थे। गाय को पानी से बाहर निकालते समय उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत 112 पुलिस व थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने पानी में डूबे किसान जुगेंद्र को पानी से बाहर निकाला। और घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरावली ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से आगरा के एसएन अस्पताल भेज दिया गया जहा एसएन अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक किरावली केवल सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार से पंचनामा भरवाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही मृतक किसान जुगेंद्र सिंह चार भाईयों से छोटा था। उसके दो पुत्र व पत्नी मीना का रो-रोकर बुरा हाल हैं।वही उपजिलाधिकारी किरावली राजेश कुमार जायसवाल का कहना हैं कि क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजा है। मृतक किसान के परिवार को किसान दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाया जाएगा।

## ताजमहल पर मिला पर्स, उसमें थे 45 हजार रुपयेः सीआईएसएफ जवान ने लौटाया, महिला पर्यटक बोली - धन्यवाद

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** ताजमहल में एक महिला पर्यटक का पर्स छूट गया। पर्स सीआईएसएफ के एक जवान को मिला। पर्स में 45 हजार रुपये थे। जवान ने महिला को ढूंढा और पर्स को महिला पर्यटक के हवाले किया। महिला पर्यटक ने सीआईएसएफ जवान का धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। आंध्र प्रदेश के तिरुपति से वुदाता सुसमिता अपने परिवार के साथ ताजमहल घूमने आई थी। घूमने के दौरान उनका पर्स ताजमहल परिसर में मुख्य गुंबद की एग्जिट पर छूट गया। वहीं सीआईएसएफ के एएसआई रमेश चंद की ड्यूटी थी। रमेश चंद को पर्स दिखाई तो उन्होंने सुरक्षा कारणों से पर्स को चेक किया। पर्स में 45 हजार रुपये, आधार कार्ड औ कुछ अन्य सामान था। रमेश चंद ने तुरंत सभी को सूचना दी। वुदाता को ताजमहल के बाहर जाते समय ही रोका गया और पर्स उनके हवाले किया गया। वुदाता ने सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

**कबाड़ी ने लौटाया था मोबाइल**

हैदराबाद से ताजमहल देखने आए मोहम्मद अकरम खान ताजमहल जाने से पहले पश्चिमी प्रवेश द्वार पर आइसक्रीम शाप के सामने अपना मोबाइल फोन रखकर भूल गए। इसी बीच कबाड़ बीनने वाले प्रवीण नाम के व्यक्ति को वह मोबाइल फोन मिला। प्रवीण ने थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक शिवराज सिंह को मोबाइल फोन सौंप दिया। उनके द्वारा प्रभारी निरीक्षक तक सुरक्षा तिलक राम भाटी के निर्देशन में तत्काल पर्यटक की तलाश सीसीटीवी फुटेज रेडियो अनाउंसमेंट और आरटीई सेट मैसेज के प्रसारण से कराई गई 20 मिनट के अंदर पर्यटक को खोज कर उक्त 15 हजार की कीमत का मोबाइल फोन वापस किया।

## प्राथमिक विद्यालय के टीचर ने मारा थप्पड़ : सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, युवक से बोले जा अपना काम कर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा के एक सरकारी स्कूल के टीचर का मारपीट करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें टीचर वीडियो बनाने वाले युवा से कह रहा है जा कर ले जो करना है। वायरल वीडियो प्राथमिक विद्यालय, कूकापुर विकास खंड जैतपुर कलां का बताया जा रहा है। चित्राहाट विकास खंड के कुकापुर प्राथमिक विद्यालय में अखिलेश कुमार हेड मास्टर हैं। बताया जा रहा है कि यहां की व्यवस्थाओं को लेकर गांव के ही एक युवक ने उनसे सवाल किए। पहले तो उन्होंने सवालों के जवाब देने से मना कर दिया। फिर गुस्से में गालियां देने लगे। युवक का कहना था कि बच्चों को सही से पढ़ाया नहीं जाता है। टीचर नहीं आते हैं। बच्चों के लिए सुविधाएं नहीं हैं। स्कूल में व्यवस्थाएं नहीं हैं। इस पर हेड मास्टर गुस्से में आ गए। पहले तो वो गुस्से में स्कूल के पास ही एक गली में चले गए। फिर लौट कर युवक को गुस्से में थप्पड़ मारा। उसे धमकी देने लगे। गुस्से में युवक से बोले जा अपना काम कर। युवक ने वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया है।

**लिया जा रहा संज्ञान**

वीडियो वायरल होने के बाद हेड मास्टर की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीएसए के अधिकारियों ने इस वीडियो का संज्ञान लिया है। जानकारी की जा रही है कि क्या पूरा मसला है।

## ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर हमला करने वाले को लगी गोलीः पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा, चालान होने पर था नाराज

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पुलिस ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले आटो चालक को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा है। उसके पैर में गोली लगी है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि लोहामंडी चौराहे पर ड्यूटी दे रहे टीएसआई ने आटो का चालान कर दिया था। इस पर ऑटो चालक साहिल अभद्रता और गाली गलौज करने लगा। इसके बाद वो कहीं से नुकीला हथियार ले आया। उसने टीएसआई पर हथियार से प्रहार कर दिया। इससे वो लहूलुहान होकर गिर गए। टीआई की तहरीर पर लोहामंडी थाने में एफआईआर दर्ज की गई। आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई। चेकिंग के दौरान आरोपी आटो चालक जीआईसी मैदान के पास दिखा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। उसके पास से अवैध तमंचा बरामद

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ का किया ध्वजा पूजन

**हाथरस।** कस्बा सासनी के श्रीरामलीला मैदान में दिनांक बीस मई से आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दौरान भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मनमोहक वर्णन मानस मर्मज्ञ पर पूज्य श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए श्री रामलीला मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। वहीं कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव से पूर्व ध्वजा पूजन किया गया। गुरूवार को आयोजकों ने बताया कि श्री हनुमान जी की प्रार्थना कर भूमि पूजन किया गया। जिसमें पांडाल व्यवस्था नवीन टेंट, एवं रोशनी एवं अन्य विद्युत व्यवस्थाओं से श्री मां संतोषी लाइट केंद्र जुडेंगे। लगाया जा रहा है। भूमि पूजन स्वयं मुख्य यजमान श्रीमती गीतेश शर्मा ने अपने कर कमल से किया। जिसमें उनके पुत्र पवन शर्मा राहुल शर्मा अतुल शर्मा रोहित मोहित हर्ष सीआईडी गुरु अखाड़े कव भारत विकास परिषद ने भी पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया अध्यक्ष कालू, यज्ञ आचार्य पंडित खगेन्द्र शास्त्री ने विधिवत वेदमंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर भूमि पूजन कराया। इस दौरान पवन शर्मा, श्रीमती अंजू शर्मा ,राहुल देव शर्मा, श्रीमती संतोष शर्मा, अतुल देव शर्मा, श्रीमती प्रियंका शर्मा सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाला दैवीय संदेश है-अंजनी कुमार शास्त्री

**हाथरस।** श्रीमद्भागवत कथा केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाला दैवीय संदेश है। भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं हमें निस्वार्थ प्रेम और कर्तव्य का पाठ पढ़ाती हैं।गुरूवार को यह बातें गांव बनगढ़ में श्रीमद्भागवत कथा के पावन आयोजन में यास गद्दी पर विराजमान कथावाचक श्री अंजनी कुमार शास्त्री जी ने अपने प्रवचन में कहीं। कथा स्थल पर मौजूद लोग भक्ति और आध्यात्म के रंग में भक्त सराबोर हो गये। कथा स्थल भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं और भक्ति रस से सराबोर रहा। कथावाचक के शब्दों ने श्रोताओं के हृदय में भक्ति की ज्योति प्रज्वलित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मोहित गौड ने अपने संबोधन में कहा, यह कथा आयोजन हमारी सनातन संस्कृति को जीवंत रखने का एक अनुपम प्रयास है। हमें अपनी युवा पीढ़ी को इन मूल्यों से जोड़ना होगा ताकि वे अपने गौरवशाली इतिहास को समझें और धर्म के मार्ग पर चलें। उनकी बातों ने उपस्थित जनसमूह में जोश और उत्साह का संचार किया। विशिष्ट अतिथि श्री अमित भारद्वाज ने कहा, कि श्रीमद्भागवत कथा हमें जीवन की नश्वरता का बोध कराती पवन, आकाश, मनोज, अभिषेक, करन, रवि, निर्मल, मुनीश, विशाल, राहुल, हरदेश, विकास, राधे, कुशवाहजी, लवली, हरिशंकर, योगेंद्र, सुमित, विनीत, सत्यवीर आदि मौजूद रहे।

## सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा हिंदी में शपथ लिए जाने का हिंदी प्रोत्साहन समिति ने किया स्वागत

**हाथरस।** हिंदी प्रोत्साहन समिति के राष्टीय अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित शूल ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा हिंदी में शपथ लेने का स्वागत किया है। मुख्य न्यायाधीश के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अन्य सभी न्यायालयों के न्यायाधीशों से निवेदन किया है कि वे हिंदी में कार्य करना प्रारंभ करें। जिससे हिंदी भाषी देश भारत के लोग कार्यवाही के संबंध में स्वयं जान सकें कि क्या हुआ उन्होंने कहा कि विदेशी भाषा अंग्रेजी जो कि शोषण की भाषा है, उसमें कार्य करने से आम नागरिकों को व वादकारियों को किसी अधिवक्ता अथवा किसी अंग्रेजी पढ़े लिखे व्यक्ति का मुंह ताकना पड़ता है । श्री शूल ने देश भर के अधिकारियों कर्मचारियों व अंग्रेजी माध्यम से विद्यालय चलने वाले लोगों से भी आग्रह किया है कि वे मातृभाषा हिंदी हिंदी को सम्मान प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा कि बड़े दुख व दुर्भाग्य की बात है कि देश को स्वतंत्र हुए इतने दिनों के बाद भी हम विदेशी भाषा अंग्रेजी के प्रति इतना अधिक मोह पाले हुए हैं कि अपनी मातृभाषा हिंदी की उपेक्षा की जाती है। मुख्य न्यायाधीश को हिंदी प्रोत्साहन समिति की ओर से एक आभार पत्र भी प्रेषित किया जाएगा।

## जुड़वा भाई-बहन का यूपी में कमाल : थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अनिकेत को गोल्ड, अंशिका को सिल्वर; नेशनल के लिए चयन

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अछनेरा के जुड़वा भाई-बहन ने यूपी स्टेट म्यूआय थाई चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गाजियाबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में अनिकेत कर्दम ने गोल्ड मेडल जीता। उनकी बहन अंशिका कर्दम ने सिल्वर मेडल हासिल किया।दोनों की शानदार प्रदर्शन के बाद नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। अंशिका ने बताया कि वह और उनका छोटा भाई अनिकेत शांति देवी डिग्री कॉलेज में 12वीं कक्षा के छात्र हैं। दोनों को बचपन से ही खेलों में रुचि है।अंशिका के अनुसार उनकी और भाई की ज्यादातर आदतें एक जैसी हैं। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत है। उनका लक्ष्य देश के लिए बेहतर प्रदर्शन करना है।सभासद गीता कर्दम ने बताया कि उनके दोनों बच्चों की शुरू से ही बॉक्सिंग में विशेष रुचि रही है। इस प्रतियोगिता में बेटी अंशिका कर्दम ने सिल्वर मेडल जबकि बेटा अनिकेत कर्दम ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।इस गोरवशाली उपलब्धि की खुशी में नगर पालिका के कई सभासद उनके आवास पर पहुंचे ओर जुड़वा भाई बहन का शील्ड, माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया।

## जनपद के समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों में प्रवेश सत्र प्रारंभ

**आगरा।** नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, श्री मान सिंह भारती ने अवगत कराया है कि जनपद के समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आगरा /फतेहाबाद/बाह/महिला, आगरा / एत्मादपुर /खेरागढ़ में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से संचालित हो रहे व्यवसायों में प्रवेश सत्र अगस्त 2025 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 12.05.2025, से प्रारम्भ है एवं ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 05.06.2025 रात्रि 12.00 बजे तक है। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करने के लिये परिषद की बेवसाइट http://www.scvtup.in पर लॉगिन कर "Online Submission of Application for Admission for Session 2025-26" पर क्लिक कर आवेदन फॉर्म भरना होगा।उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण शुल्क की देय धनराशि डेबिड कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिग / यू0पी0आई0 के माध्यम से कर सकते है, शुल्क का भुगतान कर अभ्यर्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगें। अतः जनपद के समस्त छात्र/छात्राएं जो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना चाहते है, वह अंतिम तिथि 05.06.2025 के रात्रि 12ः00 बजे से पूर्व अपना ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर लें। आवेदक आई0टी0आई0 आगरा (कोड-001), फतेहाबाद (कोड-402), एत्मादपुर (कोड-170), बाह (कोड-002) महिला, आगरा (010) एवं खेरागढ़ (कोड़-490) का चयन कर प्रवेश फार्म भर सकते है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि ऑनलाइन सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु रू0 250/- तथा अनुसूचित/ अनुसूचित जनजाति हेतु रू0 150/- प्रवेश पंजीकरण शुल्क निर्धारित है।

## अछनेरा में पड़ोसी ने किया चाकूबाजीः घर के बाहर बैठे युवक को किया घायल, हमलावर खुद थाने पहुंचा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा ।** अछनेरा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में बुधवार रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिस प्राथमिक उपचार के बाद एसएन अस्पताल, आगरा रेफर किया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोनू - (पुत्र अशोक वर्मा) रात करीब 9ः30 बज अपन घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी पास में रहने वाला बीनू वहां आया ओर चाकू से उस पर अचानक हमला कर दिया। आरापित ने युवक के पेट, पीठ, हाथ ओर पैर पर कई वार किए। हमला करने क बाद बीनू मौके से फरार हो गया।घटना के बाद परिजन घायल सोनू को सीएचसी ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसएन मेडिकल कालेज, आगरा रेफर कर दिया गया।उधर, हमले क दौरान आरापित बीनू को भी हाथ में चोट आई है। वह खुद थाने पहुंच गया ओर अपनी चोट के संबंध में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने उसे भी चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।थाना प्रभारी अछनेरा विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि घायल सोनू को धारदार हथियार से कई चोटें आई हैं। पीड़ित के पिता अशोक वर्मा की तहरीर पर मामला दर्ज किया रहा है। दोनों पक्षां के बयान दर्ज कर घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायल युवक सोनू की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। इस घटना से कस्बे में दहशत का माहौल है।

## गायत्री परिवार का योग व प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आज से

**प्रतापगढ़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार का पंच दिवसीय योग व प्राकृतिक चिकित्सा शिविर प्रयागराज शाखा द्वारा आज से आर एस ग्लोबल सीनियर सेकेंड्री स्कूल मंसूराबाद में आज से आयो जित किया जाएगा जिसका समापन आगामी 21 मई को होगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक मंडल के सरस्वती प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि गायत्री परिवार परे विश्व में सर्वेभवंतु सुखिनः,सर्व भवन्तु निरामयाः। के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समाज के बीच में काम करता है । जिसमें मानव को संस्कारी व नीरोगी बनाने पर विशेष बल देते हुए सब को नियमित जीवन जीने के लिए प्रेरित भी किया है । इसी क्रम में आज से प्रयागराज और प्रतापगढ़ की सीमा से लगे इस क्षेत्र में योग व प्राकृतिक चिकित्सा का शिविर लगाने का विचार किया गया। आज समाज का हर व्यक्ति शारीरिक परेशानियों से जूझ रहा है ।इस परेशानी का कारण अनियमित जीवन शैली है ।उसका निदान योग और प्राकृतिक चिकित्सा से संभव हो सकता है जिसकी एक नंही शुरुआत आज इस क्षेत्र में करने जा रहे हैं । दक्ष योगाचार्यो व प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से हम सब रू-ब-रू होंगें। प्रतिदिन प्रथम सत्र योग से आरंभ हो कर प्राकृतिक चिकित्सा तक चलेगा। यह शिविर पूर्णतः आवासीय रहेगा जिसमें विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तावित आहार होगा। सभी को प्रतिभाग करने का आग्रह है जिसका पंजीकरण आज के प्रथम सत्र में अनिवार्य है ।

# संपादकीय

## टोल-फ्री बरकरार

सुप्रीम कोर्ट ने अपने उस फैसले की समीक्षा से इनकार कर दिया, जिसमें दिल्ली-नोएडा-डायरेक्ट यानी डीएनडी फ्लाईओवर को दैनिक यात्रियों के लिए शुल्क मुक्त रखने का आदेश दिया गया था। पीठ ने दिसंबर 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के डीएनडी फ्लाईओवर को टोल-फ्री करने के फैसले को भी बरकरार रखा। साथ ही नोएडा प्राधीकरण समेत उप्र व दिल्ली सरकारों की आलोचना करते हुए सत्ता के दुरुपयोग व जनता के विश्वास के उल्लंघन द्वारा इसकी अंतरआत्मा को ठेस पहुंचाने की बात भी की। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड की अपील को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था, कंपनी ने परियोजना की लागत और पर्याप्त लाभ वसूल लिया है। जिससे उपयोगकर्ता शुल्क या टोल लगातार लगाने या वसूलने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। यह देश का पहला आठ लेन चौड़ा व तकरीबन नौ किलोमीटर लंबा एक्सेस-कंट्रोल एक्सप्रेस-वे है, जो दिल्ली के महारानी बाग व निजामुद्दीन इलाकों को नोएडा से सीधा जोड़ता है, जिससे यात्रा में लगने वाले समय में काफी कटौती होती है। 2001 में जब इसका उद्घाटन हुआ था तो पहले वाहनचालकों को यह टोल काफी ज्यादा लगता था। मगर समय व ईंधन की बचत के चलते यह नियमित यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक बनता चला गया। प्राधिकरण व कंपनी की मिलीभगत के कारण लंबे अरसे तक टोल वसूली जारी रही। मामला जब अदालत में गया तो दोनों की तरफ से अलग-अलग दलीलें दी गई। मगर उस वक्त ही सबसे बड़ी अदालत ने प्राधिकरण द्वारा कंपनी से रियायत समझौतों के माध्यम से किए गए अनुबंध को अनुचित, अन्यायपूर्ण व संवैधानिक मानदंडों के अनुरूप नहीं बताया था। अधिकारों का अतिक्रमण करते हुए प्राधिकरण ने शुल्क के निर्धारण, संग्रह व विनियोजन का नियंत्रण दिया था, उसे अदालत ने कानूनन अवैध ठहराया था। प्राधिकरण की मिलीभगत के चलते इस तरह का नुकसान केवल आम नागरिक ही नहीं भुगतता बल्कि राजस्व में भी नुकसान होता है। यूं भी एनसीआर से रोजाना यात्रा करने वालों से की जाने वाली वसूली निंदनीय ही कही जाएगी। माल-बंटवारे या अन्य किसी लोभ के अदालत का कीमती वक्त जाया करने वालों से मुआवजे की वसूली भी की जानी जरूरी है। जो न सिर्फ अपनी गलती स्वीकारने को राजी हैं, बल्कि बिला-वजह पुनर्विचार की अपेक्षा भी कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विशेष

**डॉ. शरद शर्मा**
**सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़**



हर साल 16 मई को भारत में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देना है। यह दिन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है, ताकि डेंगू के लक्षणों, कारणों और बचाव के तरीकों की जानकारी आम जनता तक पहुंच सके। डेंगू एक मच्छर जनित वायरल बीमारी है, जो विशेष रूप से मानसून के मौसम में तेजी से फैलती है।

**डेंगू क्या है?**

डेंगू एक वायरल इंफेक्शन है, जो एडीज एजिप्टी नामक फीमेल मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर काले रंग का होता है, जिसके शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं, और यह मुख्य रूप से दिन के समय काटता है।

**डेंगू के लक्षण**

आमतौर पर मच्छर के काटने के 2-7 दिनों बाद दिखाई देते हैं। ये लक्षण मलेरिया या फ्लू से मिलते-जुलते हो सकते हैं, जिसके कारण इसे पहचानना मुश्किल हो सकता है।

**प्रमुख लक्षण**

तेज बुखार ͞ अचानक 104एस्र तक बुखार।

सिरदर्द ͞ विशेष रूप से माथे और आंखों के पीछे तेज दर्द। मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द͞ इसे ÷हड्डी तोड़ बुखार÷ भी कहा जाता है।

शरीर पर लाल चकत्ते͞ खासकर छाती और चेहरे पर। मितली और उल्टी͞ पेट दर्द के साथ।

प्लेटलेट्स की कमी͞ रक्त में प्लेटलेट्स का स्तर तेजी से गिरना।

ब्लीडिंग ͞ नाक, मसूड़ों या त्वचा के नीचे से खून बहना।

गंभीर मामलों में, डेंगू डेंगू रक्तस्त्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम का रूप ले सकता है, जो जानलेवा हो सकता है। इसलिए, लक्षण दिखते ही तुरंत सरकारी अस्पताल में चिकित्सक से संपर्क करना जरूरी है।

**2025 की थीम͞**

इस साल राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है

शीघ्र कार्रवाई करें, डेंगू रोकें͞ स्वच्छ परिवेश, स्वस्थ जीवन.

यह थीम व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर डेंगू की रोकथाम के लिए जिम्मेदारी लेने पर जोर देती है।

डेंगू से बचाव के उपाय

डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है मच्छरों के प्रजनन और काटने को रोकना।

**निम्नलिखित उपाय अपनाकर डेंगू से बचा जा सकता है**

पानी का जमाव रोकें ͞ घर के आसपास गमलों, कूलरों, टायरों, या अन्य जगहों पर पानी जमा न होने दें, क्योंकि एडीज मच्छर साफ पानी में प्रजनन करते हैं।

मच्छरदानी और रिपेलेंट्स͞ रात और दिन में मच्छरदानी का उपयोग करें और मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का इस्तेमाल करें।

**पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े**

विशेष रूप से सुबह और शाम के समय लंबी आस्तीन के कपड़े पहनें।

घर की सफाई͞ नालियों और आसपास के क्षेत्रों को नियमित रूप से साफ करें।

जागरूकता फैलाएं͞ अपने परिवार और पड़ोसियों को डेंगू के खतरों और बचाव के तरीकों के बारे में बताएं।

चिकित्सा सहायता ͞ लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और रक्त परीक्षण (जैसे हृस1 एंटीजन या IgM/IgG टेस्ट) करवाएं।डेंगू का इलाजवर्तमान में डेंगू का कोई विशिष्ट टीका या दवा उपलब्ध नहीं है। इलाज मुख्य रूप से लक्षणों को कंट्रोल करने पर केंद्रित होता है͞

हाइड्रेशन ͞ मरीज को पर्याप्त मात्रा में पानी, नारियल पानी, और ओआरएस पिलाएं।

**दर्द निवारक:** बुखार और दर्द के लिए पैरासिटामॉल जैसी दवाएं डॉक्टर की सलाह पर लें। एस्पिरिन या इबुप्रोफेन से बचें, क्योंकि ये रक्तस्राव को बढ़ा सकते हैं।

**निगरानी :** प्लेटलेट्स के स्तर की नियमित जांच करें। गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता हो सकती है। निष्कर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस हमें यह याद दिलाता है कि डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव संभव है, बशर्ते हम जागरूक और सतर्क रहें।

व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे-छोटे कदम, जैसे पानी का जमाव रोकना और मच्छरों से सुरक्षा, इस बीमारी के प्रसार को काफी हद तक कम कर सकते हैं। आइए, इस डेंगू दिवस पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने घर और आसपास के क्षेत्र को मच्छरमुक्त रखेंगे और डेंगू के खिलाफ इस लड़ाई में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। डेंगू से डरें नहीं, जागरूकता और सावधानी से इसे हराएं!

## शब्द सामर्थ्य -049

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 048 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

# अब बारी घर में बैठे गद्दारों से निपटने की

(इंजी.अतिवीर जैन'पराग'-विभूति फीचर्स)



पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की प्रतिक्रिया संयमित और नियमानुकूल रही परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कोई भी देश इसका विरोध नहीं कर पाया। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री के द्वारा पाकिस्तान और उसके समर्थक देशों को दी गई चेतावनी ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई में भारत किसी भी तीसरे देश का दखल बर्दाश्त नहीं करेगा, आत्मरक्षा में जो भी जरूरी होगा भारत वह कदम उठाएगा और ऑपरेशन सिंदूर अभी भी खत्म नहीं हुआ है। जबसे भाजपा सत्ता में आई है तब से ही मोदी सरकार ने पाकिस्तान को साफ कर दिया था कि जब तक आतंकवाद बंद नहीं होगा तब तक उससे कोई वार्ता नहीं की जाएगी और आतंकवाद के प्रति उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी।। हालांकि बीच बीच में पाकिस्तान परस्त कश्मीरी नेताओं के द्वारा पाकिस्तान से वार्ता की बात कही जाती रही। पाकिस्तानी आतंकवाद की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा 2016 और 2019 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तान बाज नहीं आया और इसी क्रम में उसने 22 अप्रैल को पहलगाम में निहत्थे, निर्दोषों का खून बहाया। हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर नाम से अभियान चलाकर पाकिस्तान के नौ आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। जिसमें उसके कुछ बड़े आतंकवादी भी मारे गए,जिन्हें पाकिस्तान ने पूरे सैनिक सम्मान के साथ जनाजा दिया। जिससे पाकिस्तान की असलियत पूरी दुनिया के सामने आ गई। इस सबके बावजूद आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1.4 अरब डॉलर का लोन दे दिया इसका भारत ने कड़ा विरोध किया था। पाकिस्तान इस राशि का उपयोग आतंकियों को पालने पोसने में करेगा। आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को लोन दिए जाने से यह साफ हो गया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका, चीन और अन्य देश अपनी-अपनी कूटनीतिक और राजनीतिक गोटिया सेंकने में लगे हुए हैं। उन्हें आतंकवाद और आतंकवादियों के खून खराबे से कोई फर्क नहीं पड़ता। सबसे बड़ी चोट जो पाकिस्तान को लगी वह सिंधु जल संधि पर रोक लगाना हैं। प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि अब भारत आतंकवादी हमलों का अपनी शर्तों पर करारा जवाब देगा,और पाकिस्तान से वार्ता सिर्फ कश्मीर पर होगी द्य जिसमें किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं होगी। यह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को एक बड़ा संदेश है। प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट कहा है की टेरर, ट्रेड और टॉक एक साथ नहीं चल सकते द्य ट्रंप ने युद्ध विराम को जबरदस्ती अमेरिका से व्यापार से भी जोड़ दिया जबकि भारत ने पहले ही पाकिस्तान के साथ सभी तरह के व्यापार को तत्काल प्रभाव से रोक दिया था। अटारी बाघा सीमा बंद कर दी थी और सभी वीजा रद्द कर दिए थे। भारत को पाकिस्तान पर यह दबाव लगातार बना कर रखना पड़ेगा। उसके बावजूद लगता नहीं है कि पाकिस्तान अपनी आदतों से बाज आएगा। यह तो तय है कि पाकिस्तान पलट कर कश्मीर के अंदर दोबारा आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देगा और उसके परिणाम में भारत को फिर से कठोर सैनिक कार्रवाई करनी पड़ेगी।

# भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है राजनीति में भाषा का गिरता स्तर

(संदीप सृजन-विनायक फीचर्स)



लोकतंत्र का आधार है विचारों का स्वतंत्र और सम्मानजनक आदान-प्रदान। जब राजनीतिक भाषा अपमानजनक और भड़काऊ हो जाती है, तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करती है। लोग तथ्यों और नीतियों पर चर्चा करने के बजाय व्यक्तिगत हमलों और भावनात्मक मुद्दों में उलझ जाते हैं। इससे जनता का ध्यान महत्वपूर्ण मुद्दों से हट जाता है। आक्रामक और भड़काऊ भाषा समाज में विभाजन को बढ़ावा देती है। जब नेता धर्म, जाति, क्षेत्र या अन्य आधारों पर भड़काऊ बयान देते हैं, तो यह सामाजिक समूहों के बीच अविश्वास और तनाव को जन्म देता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में यह विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि यह सामाजिक एकता को खतरे में डाल सकता है। भड़काऊ भाषा का सबसे गंभीर परिणाम है हिंसा को बढ़ावा देना। इतिहास में कई उदाहरण हैं, जहां नेताओं के भड़काऊ बयानों के कारण दंगे, हिंसा और सामाजिक अशांति फैली है। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी भाषा तेजी से फैलती है और इसके परिणामस्वरूप हिंसक घटनाएं बढ़ रही हैं। राजनीति समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल नीतियों और प्रशासन को आकार देती है, बल्कि सामाजिक मूल्यों, संस्कृति और नैतिकता को भी प्रभावित करती है। राजनीति में भाषा का उपयोग नेताओं और जनता के बीच संवाद का प्रमुख माध्यम है। यह भाषा न केवल विचारों को व्यक्त करती है, बल्कि समाज में वैचारिक और भावनात्मक प्रभाव भी डालती है। हालांकि, हाल के वर्षों में राजनीतिक भाषा का स्तर तेजी से गिरता जा रहा है।

व्यक्तिगत हमले, अपमानजनक टिप्पणियां, भड़काऊ बयान और असभ्य भाषा का उपयोग अब आम बात हो गई है। यह प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है, बल्कि समाज में विभाजन, हिंसा और अविश्वास को भी बढ़ावा दे रही है। आधुनिक युग में मीडिया और सोशल मीडिया ने राजनीतिक संवाद को नया रूप दिया है। ट्विटर, फेसबुक और अन्य डिजिटल मंचों ने नेताओं को जनता से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान किया है। हालांकि, इन मंचों पर संक्षिप्त और आकर्षक संदेशों की मांग ने भाषा को सनसनीखेज और आक्रामक बना दिया है। नेताओं द्वारा की गई छोटी-छोटी टिप्पणियां या मीम्स अक्सर व्यक्तिगत हमलों या अपमानजनक भाषा का रूप ले लेते हैं। इसके अलावा, न्यूज़ चैनलों की प्रतिस्पर्धा ने भी भड़काऊ और अतिश्योक्तिपूर्ण बयानों को बढ़ावा दिया है, क्योंकि यह अधिक दर्शकों को आकर्षित करता है। भारत सहित विश्व के कई देशों में राजनीतिक ध्रुवीकरण अपने चरम पर है। विभिन्न विचारधाराओं और दलों के बीच बढ़ती खाई ने संवाद को कटु बना दिया है। नेताओं के बीच विचार-विमर्श के बजाय एक-दूसरे पर कीचड़ उछालना आम हो गया है। इस ध्रुवीकरण ने भाषा को न केवल आक्रामक बनाया है, बल्कि इसे वैचारिक हिंसा का हथियार भी बना दिया है।

आज के दौर में कई नेता पॉपुलिस्ट रणनीतियों का सहारा लेते हैं, जिसमें वे जनता की भावनाओं को भड़काने के लिए सरल और आक्रामक भाषा का उपयोग करते हैं। यह भाषा अक्सर तथ्यों और तर्कों से परे होती है और केवल भावनात्मक उत्तेजना पैदा करने पर केंद्रित होती है। जनता भी ऐसी भाषा को तुरंत स्वीकार कर लेती है, क्योंकि यह उनकी निराशा और गुस्से को प्रतिबिंबित करती है। पहले के समय में राजनीतिक नेताओं के बीच एक निश्चित स्तर की गरिमा और शालीनता देखी जाती थी। आज वो स्थिति नदारद है।आज कई नेता व्यक्तिगत हमलों और अपमानजनक भाषा का सहारा लेते हैं, क्योंकि वे इसे अपनी लोकप्रियता बढ़ाने का आसान तरीका मानते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल नेताओं के बीच, बल्कि उनके समर्थकों और जनता में भी फैल रही है।

# राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनिरिंग के छात्रों को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। आज महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज किसी के साथ बेवजह की बहसबाजी में ना पड़ें। इससे रिश्ते खराब होंगे और आपके कामों में व्यवधान आएंगे। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। लापरवाही का असर आपके रिजल्ट पर पड़ सकता है। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुएं, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला से जुडे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा

**कर्क** — आज बेवजह शुरू हुई समस्याएं समाप्त होंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा ,जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। व्यायाम करने से, डायबिटीज से संबंधित परेशानी खत्म होंगी। आज आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने काम को समय पर पूरा करने में सफल होंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आप किसी अच्छी कंसलटेंट टीम से बातचीत करेंगे। लवमेट शाम को डिनर साथ में करेंगे, जिससे उनके बीच में और ज्यादा प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे। किसी से लिया ऋण आज वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियाँ कम होंगी आपका मन हल्का होगा। जीवनसाथी आज आपको प्रसन्न होंगे की वजह देंगे। बच्चों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं । मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज कम्युनिकेशन के वक्त अपनी बात सही तरह से रखना आपके लिए सम्मान दायक रहेगा । निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से नई सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चली आ रही अनबन आज खत्म हो जाएगी। आज आपको सेहत का ध्यान रखना चाहिए। आज आपके करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी । सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है। आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं अचानक आपके किसी अति प्रिय रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज़र आयेगी। आज अपनी पुरानी गलतियों को भूलकर आगे बढ़ेंगे, जल्दी ही आप अपनी सफलता का मार्ग खोज लेंगे। बच्चों की किसी विशेष समस्या का हल मिलने से राहत मिलेगी। आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। धार्मिक यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। आपका मिलनसार व्यव्हार आपको लोगों का प्रिय बना देगा।


**मकर** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। पिता का आशीर्वाद आपको मिलता रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपनी दिनचर्या की प्लानिंग कर लेंगे, इससे सभी गतिविधियां बेहतर तरीके से पूरी हो जाएंगी। आज किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं उनको आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। जल्दबाजी में आकर किसी भी निर्णय को लेने से बचें पहले सोच विचार कर लें। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग बना रहेगा। आज कार्यस्थल पर वास्तु के नियम का पालन करने से सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा रहेगा। आज घर में किसी बच्चे की किलकारी संबंधी शुभ सूचना मिलने से ख़ुशी भरा माहौल बन जायेगा। आज किसी मित्र की मुलाकात से आपको खुशी होगी। आप आज शाम किसी बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं।

# आतंकवाद के समूल सर्वनाश के लिए संकल्पबद्ध प्रधानमंत्री मोदी

(सुरेश पचौरी-विनायक फीचर्स)



पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले ने हमारे पूरे देश को झकझोर दिया। यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। निर्दोष नागरिकों की उनके परिवारों के सामने हत्या, उनके धर्म के आधार पर, आतंक और क्रूरता का भयानक चेहरा था। यह देश की एकता और सौहार्द को तोड़ने का एक शर्मनाक प्रयास था। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे देश ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेनाओं को पूरी स्वतंत्रता दी गई कि वे आतंकवादियों का खात्मा करें।

भारत द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी गई । द्विपक्षीय व्यापार निलंबित कर दिए गए। वीजा रद्द कर दिए गए। सिंधु जल संधि को रोक दिया गया । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक, योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाएगा। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से ऑपरेशन सिंदूर के जरिए ठोस कार्रवाई के रास्ते को चुना। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं, यह देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं का प्रतीक बनकर सामने आया।

6 मई की रात और 7 मई की सुबह, भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी प्रतिज्ञा को साकार किया। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंकियों के 9 ठिकानों पर और उनके प्रशिक्षण केंद्रों पर सटीक हमला किया, जिनमें प्रमुख हैं- 1. सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद, 2. सैयदाना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद (जैश-ए-मोहम्मद का प्रशिक्षण केंद्र) 3. बरनाला कैंप, बीरबगढ़ 4. अब्बास कैंप, कोटली (एलईटी का फिदायीन प्रशिक्षण केंद्र) 5. सरजाल कैप, सियालकोट 6. मेहमूना जया कैंप, सियालकोट 7. गुलपुर कैंप, कोटली, 8. मरकज तैयबा, मुरीदके (26/11 के हमलावरों का प्रशिक्षण केंद्र) 9. मरकज सुभान अल्लाह, बहावलपुर (जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय) जिसे एयर फोर्स ने ध्वस्त किया ।

जब देश एकजुट होता है और 'नेशन फर्स्ट' की भावना से काम करता है, तो ऐसे मजबूत निर्णय और परिणाम सामने आते हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के भीतर 100 किमी तक घुसकर कार्यवाही की। यह भारत की सैन्य क्षमता, राजनीतिक इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय



संकल्प का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। मारे गए प्रमुख आतंकियों में मुदस्सर कादियान उर्फ अब्बू जुंदाल (एलईटी), हाफिज मोहम्मद जमील (जेईएम), मसूद अजहर का साला, मोहम्मद यूसुफ (खालिद अजहर उर्फ उस्ताद और आईसी-814 हाइजैकिंग का आरोपी), खालिद उर्फ अब्बू अक्षा खालिद (एलईटी) शामिल हैं। भारत ने इन आतंकियों को एक ही बार में खत्म कर दिया । इनके अंतिम संस्कार में पाक के आर्मी चीफ व पाक सरकार के नुमाइंदों का शामिल होना इस बात की पुष्टि करता है कि पाक सरकार आतंकवाद पोषक है ।

भारत की मजबूत सैन्य शक्ति, भारत के मिसाइलों और ड्रोन ने पाकिस्तानी एयरबेस को भारी नुकसान पहुँचाया । भारत ने राफेल, सुखोई, ब्रह्मोस, एस-400, एस-125, स्कल्प मिसाइल, हेमर मिसाइल बम का इस्तेमाल किया वहीं स्वदेशी आकाश मिसाइल, समर, नागास्त्र का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के अनेक ड्रोन्स व मिसाइल नष्ट कर दिये । डीआरडीओ के अभेद्य रक्षा कवच ने पाकिस्तान के एयरडिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया । भारत का एयर डिफेंस सिस्टम सक्षम रहा और भारत निर्मित हथियारों और मिसाइलों की श्रेष्ठता साबित हो गई । भारतीय सेना द्वारा सतर्कता बरती गई कि पाकिस्तान के किसी नागरिक, सैन्य और आर्थिक ठिकाने पर निशाना लगाने के बजाय सिर्फ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया जाए । इस तरह दुनिया में किसी को इसके विरोध में कुछ कहने का मौका नहीं रह गया। चीन तक समझ नहीं पा रहा कि भारत के इस कदम को कैसे गलत ठहराया जाए । भारतीय सेना ने पाक के जिन नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए, उनमें से चार पाक अधिकृत कश्मीर में और बाकी उसके पंजाब प्रांत में स्थित थे। शायद पाकिस्तानी सेना को अंदाजा नहीं था कि भारतीय सेना पंजाब प्रांत के भीतर भी हमला कर सकती है। पाक के 11 हवाई अड्डे भारतीय सेना द्वारा मिट्टी में मिला दिए गए, जिनमें प्रमुख थे बहावलपुर, नूरखान, जैकोबाबाद, सरगोधा, मुरीद, सुक्कूर, सियालकोट, पसरूर, चुनियान, स्कारू, भुलारी । आपरेशन सिंदूर के बाद भारत को कूटनीतिक कामयाबी मिली है । पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत ने पाकिस्तान की कूटनीतिक घेराबंदी कर दी ।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग 20 देशों के राष्ट्रध्यक्षों से बात कर पाक द्वारा पोषित आतंकवाद की जानकारी दी। इसी कारण आज पाकिस्तान कूटनीतिक दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पड़ चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी वैचारिक असहमतियों से ऊपर उठकर एकजुटता दिखाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सक्षम भारत की सशक्त तस्वीर ही है कि पाकिस्तान चार दिनों में ही घुटनों पर आ गया। दस मई को पाकिस्तान के 11 हवाई अड्डे धुआं-धुआं हो जाने के बाद पाक 'सरेंडर' कर सीजफायर के लिए अपने डीजीएमओ के जरिए गुहार करने लगा। भारत ने दो टूक फैसला किया कि 'भविष्य में अगर आतंकी हमला हुआ तो उसे 'एक्ट ऑफ वार' माना जाएगा और उसका जवाब भी उसी भाषा में दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने देश के नाम अपने संबोधन में कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की साठगांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जोर देकर कहा है कि पाकिस्तान की सेना और सरकार ने लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दिया है । उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयां अंततः पाकिस्तान के पतन का कारण बनेंगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा है कि अगर पाकिस्तान को अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे अपने आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा - शांति का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उन्होंने भारत के अटूट संकल्प की पुष्टि करते हुए कहा कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं चल सकते, टेरर और ट्रेड साथ-साथ नहीं चल सकते, और खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते । प्रधानमंत्रीजी ने स्पष्ट किया है कि पाक से बातचीत का केवल एक एजेण्डा होगा आतंकवाद की समाप्ति और पाक अधिकृत कश्मीर। इतिहास याद रखेगा कि पहलगाम के जवाब में भारत की प्रतिक्रिया संयमित और समयानुकूल रही। आतंकवाद के विरुद्ध भारत ने मजबूती से खड़े होकर एक सुर में बात की। रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भी स्पष्ट किया कि आपरेशन सिंदूर जारी है।

# मुख्यमंत्री ने दिव्यगवां में किया विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास




**रीवा,कासं.।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा जिले के सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दिव्यगवां में 47 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपए के 5 कार्यों का लोकार्पण तथा 2 करोड़ 75 लाख 29 हजार रुपए के दो कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा 6 करोड़ 17 लाख 82 हजार रुपए की लागत से बनाए गए शासकीय भगवान बिरसा मुण्डा महाविद्यालय भवन दिव्यगवां का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 93 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनाए गए भगवान बिरसा मुण्डा सामुदायिक भवन तथा विधानसभा क्षेत्र मनगवां में राष्ट्रीय राजमार्ग से तिवनी जंक्शन पर बनाए गए सिक्स लेन ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया। इनकी लागत 14 करोड़ 85 लाख रुपए है। समारोह में मुख्यमंत्री ने 18 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बनाए गए सिरमौर-क्योटी नवीन सड़क तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए गए 501 खेत तालाबों का लोकार्पण किया। इनकी लागत 7 करोड़ 50 लाख रुपए है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दो निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया। इनमें लोक निर्माण विभाग द्वारा एक करोड़ 39 लाख 29 हजार रुपए की लागत के हाईस्कूल भवन अतरैला तथा एक करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे एसडीएम कार्यालय जवा का निर्माण कार्य शामिल है। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने दिव्यगवां ग्राम में ही 5 एकड़ में प्रस्तावित मुनगा के वृक्षारोपण कार्य का भी शिलान्यास किया।

# उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के पहले वाटर पार्क का किया शुभारंभ

## रीवा को मिली एक और उपलब्धि



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के पहले वाटर पार्क का लोकार्पण किया। शहर के माध्यम से बीहर नदी के तट पर निर्मित ईको पार्क में वाटरपार्क के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले में रीवा के लोगों को घूमने के लिये कोई स्थान नहीं होता था अब इन स्थानों की कमी नहीं है। पार्क, सुंदर तालाबों के किनारे व वृक्षों से आच्छादित सुरम्य स्थानों में लोग सुकून के पल विता सकते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। अब बाहर से आने वाले अपने परिजनों को भी यहां के लोग रीवा के पर्यटन स्थल दिखाते व घुमाते हैं जिनकी वह प्रशंसा भी करते हैं। रीवा के विकास की प्रदेश स्तर में चर्चा होती है। नवनिर्मित जिला न्यायालय भवन व सर्किट हाउस भवन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई। वाटर पार्क भी रीवा के लिये बड़ी उपलब्धि है।

अभी तक रीवा में इसकी कमी थी। रीवा के ह्मदय स्थल में निर्मित वाटरपार्क इस कमी को दूर करेगा। वाटर पार्क बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं में लोकप्रिय स्थान होता है। गर्मी में इसका विशेष आकर्षण होता है। अब रीवा वासी इसका आनंद उठायेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक के.पी. त्रिपाठी, राजगोपाल मिश्रा चारी, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, प्रदीप गौतम सुमन, विजय तिवारी, अनुज सिंह, रामपाल सिंह, प्रदीप त्रिपाठी सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा संगम कार्यक्रम आज मऊगंज में

रीवा। मऊगंज के शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज में 16 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड पीथमपुर, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा तथा डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

### कलेक्टर कार्यालय में वाहन पार्किंग के लिये इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते हैं

**रीवा।** कलेक्टर कार्यालय रीवा में वाहन पार्किंग के लिये एक वर्ष हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07662-242806 एवं 241635 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री का रीवा आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत



**रीवा,कासं.।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव भोपाल से विमान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल भी रीवा आए। रीवा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।

# मऊगंज जिला दण्डाधिकारी ने आशीष तिवारी को किया जिला बदर

**रीवा,कासं.।** मऊगंज जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन द्वारा आशीष तिवारी को जिला बदर किये जाने का आदेश दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने आशीष तिवारी पिता बाल कृष्ण तिवारी निवासी ग्राम मढारघुवर थाना हनुमना को मऊगंज एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले सीधी एवं रीवा की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिये निष्कासित करने का आदेश दिया है। उन्होंने आदेश प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर जिले की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। आदेश का उल्लंघन करने पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये भी जन-सामान्य को अभियान से जोड़ने का प्रयास

**भोपाल**

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के काम में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके परिणाम समाज के सामने आ रहे है। जल के महत्व को समझाने के लिये सांस्कृतिक गतिविधियों का सहारा लिया जा रहा है। कुछ क्षेत्रों में जन-प्रतिनिधियों ने पदयात्रा निकाल कर पानी के महत्व का संदेश जन-सामान्य को दिया गया।





### वाह्य नदी को बारहमासी नदी में बदलने के लिये पदयात्रा

भोपाल जिले के बैरसिया में जल गंगा संवर्धन अभियान में वाह्य नदी स्थल का भूमि-पूजन किया गया और वाह्य नदी को बारहमासी नदी में बदलने के लिये बैरसिया विधायक श्री विष्णु खत्री के नेतृत्व में पद यात्रा शुरू की गई। यह यात्रा तहसील के विभिन्न ग्रामों से होती हुई खजुरिया रामदास पर समाप्त हुई। बैरसिया में जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनके संरक्षण कर कार्ययोजना तैयार कर संरक्षण का कार्य शुरू किया गया है। प्राचीन बावड़ी का चिन्हांकन भी किया गया है। उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जन-सामान्य को जानकारी दी जाएगी।

### एकल नल जल योजनाओं के स्रोतों के रिचार्ज के प्रयास

विदिशा जिले में एकल नल जल योजनाओं के स्त्रोतों के स्थायित्व और निरंतरता के लिए मनरेगा की योजनाओं के साथ अभिसरण कर रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए केंद्रीय भूजल बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक और राज्य स्तरीय भुजलविद ने जिले के चयनित गाँव का दौरा किया। ग्रामीणों को बताया गया कि वर्षा की हर बूंद को भूमि के अंदर संरक्षण करके रखना बहुत जरूरी है। ग्रामीणों को वर्षा के जल को रिचार्ज करने की विधि के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि ग्राम के ढलान के अनुसार पानी को दिशा देकर 3-3 मीटर के फिल्टर के माध्यम से असफल नल-कूपों में पुनर्भरण किया जा सकता है।

### जागरूकता के लिये विशेष प्रयास

सीहोर जिले में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।



## संक्षिप्त समाचार


### शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला, सेंसेक्स 130 अंक उछला, निफ्टी 24,613 पर

**मुंबई, ए.।** कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार हरे निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 130 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 81,278.49 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.14 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,613.80 पर खुला. आज के कारोबार के दौरान ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस, वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स, वीआईपी इंडस्ट्रीज, हनीवेल ऑटोमेशन, ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया, मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, एएसके ऑटोमोटिव, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज और भारती हेक्साकॉम के शेयर फोकस में रहेंगे. कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ रेड जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 1281 अंकों की गिरावट के साथ 81,148.22 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 1.39 फीसदी की गिरावट के साथ 24,578.35 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान निफ्टी पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, जियो फाइनेंशियल, हीरो मोटोकॉर्प, डॉ रेड्डीज लैब्स और सिप्ला के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि पावर ग्रिड कॉर्प, इंफोसिस, इटरनल, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. बीएसई मिडकैप सूचकांक स्थिर रहा, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.9 फीसदी की बढ़ोतीर हुई. सेक्टरों में मीडिया, पीएसयू बैंक, फार्मा इंडेक्स में 1-1 फीसदी की तेजी आई. जबकि आईटी, एफएमसीजी, रियल्टी इंडेक्स में 1-2 फीसदी की गिरावट आई. सेक्टरों में सबसे ज्यादा नुकसान निफ्टी आईटी इंडेक्स में हुआ, जो इंट्रा-डे ट्रेड में करीब 3 फीसदी गिरा. इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसे दिग्गज शेयरों में मुनाफावसूली के चलते 3 से 4 फीसदी तक की गिरावट आई. ऑटो और एफएमसीजी शेयरों पर भी दबाव देखने को मिला.

### अप्रैल में थोक महंगाई घटकर 0.85 फीसदी पर आई, खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से घटी महंगाई

**नई दिल्ली,ए.।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मंहगाई मार्च में 2.05 फीसदी से अप्रैल 2025 में 0.85 फीसदी तक गिर गई. मंहगाई में गिरावट मुख्य रूप से ईंधन एवं बिजली तथा प्राथमिक वस्तुओं के खंडों में कीमतों में गिरावट के कारण हुई. हालांकि विनिर्माण क्षेत्र ने लचीलापन दिखाना जारी रखा ऐसा मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, केमिकल्स और केमिकल्स प्रोडक्ट, अन्य परिवहन उपकरणों के निर्माण और मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुआ है. यह मार्च में डब्ल्यूपीआई दर से कम है, जो 2.05 फीसदी थी डब्ल्यूपीआई बड़ी मात्रा में बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में औसत बदलाव को ट्रैक करता है और उत्पादन स्तर पर मुद्रास्फीति का एक महत्वपूर्ण संकेतक है. यह कृषि, खनन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में आपूर्ति और मांग के रुझान को दिखाता है भारत की खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई 2019 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है. अप्रैल 2025 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक साल-दर-साल 3.16 प्रतिशत दर्ज किया गया, मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला है. यह गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कम कीमतों के कारण हुई, जिसे भीषण गर्मी के बावजूद अच्छी फसल का समर्थन मिला. खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट में मुख्य योगदान देने वालों में सब्जियां, दालें, फल, मांस और मछली, अनाज और व्यक्तिगत देखभाल की वस्तुएं शामिल थी।

# वर्कलोड की चिंता छोड़ो जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाओः सुनील गावस्कर



**नईदिल्ली,ए.।** जबसे टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा में रिटायरमेंट का ऐलान किया है तब से क्रिकेट फैंस के मन में ये सवाल खड़ा हो रहा है कि भारतीय टीम का अगला टेस्ट कप्तान कौन होगा. कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि शुभमन गिल को अगला टेस्ट कप्तान नियुक्त कर दिया गया है बस इसका आधिकारिक ऐलान करना बाकी है. बीसीसीआई की चयन बैठक जल्द ही होने की उम्मीद है, जिसमें भारतीय कप्तान के साथ साथ टेस्ट स्क्वाड का भी ऐलान कर दिया जाएगा।

इस बीच ये भी रिपोर्ट्स आई कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कार्यभार प्रबंधन के कारण सभी पांच टेस्ट में खेलने में कठिनाई का हवाला देते हुए खुद को टेस्ट की कप्तानी की रेस से बाहर कर लिया है. चयनकर्ता अब कथित तौर पर शुभमन गिल और ऋषभ पंत को इस पद के लिए प्राथमिक उम्मीदवार के रूप में देख रहे हैं।

इस रिपोर्ट के बावजूद भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह को भारत का अगला टेस्ट कप्तान बनाने का समर्थन किया है. उनका मानना है कि एक तेज गेंदबाज के रूप में, बुमराह अपने कार्यभार को प्रबंधित करने और अपनी शारीरिक मांगों के अनुरूप मैदान पर निर्णय लेने के लिए सबसे उपयुक्त हैं।

रिपोर्ट के हवाले से गावस्कर ने कहा, अपने काम का बोझ खुद से बेहतर कौन जान सकता है? अगर आप किसी और को कप्तान नियुक्त करते हैं, तो वे हमेशा बुमराह से एक अतिरिक्त ओवर चाहेंगे. अगर वह आपका नंबर 1 गेंदबाज है, तो वह खुद ही जानता होगा कि हां, यह वह समय है जब मुझे ब्रेक लेना चाहिए. मेरे हिसाब से, यह सिर्फ जसप्रीत बुमराह ही हो सकता है. मैं उनके कार्यभार और इस तरह की सभी अटकलों को जानता हूं. उन्हें यह काम दें ताकि उन्हें पता हो कि कितने ओवर गेंदबाजी करनी है, कब उन्हें आराम देना है, कब आराम करना है. उसके हिसाब से वो खुद को तैयार रखेंगे, यही सबसे से आइडियल भी है.

उन्होंने आगे कहा, उसे (बुमराह को) शायद कोई टेस्ट मैच मिस न करना पड़े. अगर आप उसे टेस्ट मैच देते हैं, तो उसे पता चल सकता है कि कब रुकना है, इससे पहले कि उसका शरीर खराब होने लगे. मेरे हिसाब से, उसे टेस्ट मैच का कप्तान बना देना चाहिए. पहले टेस्ट के बाद, आठ दिन का गैप होता है. ठीक होने के लिए पर्याप्त समय होता है. फिर, दो बैक-टू-बैक टेस्ट मैच होते हैं. कोई बात नहीं, फिर एक और गैप होता है. अगर आप उसे कप्तानी देते हैं, तो वह यह जानने में सबसे अच्छा व्यक्ति होगा कि कब गेंदबाजी करनी है और कब नहीं करनी है।

बता दें कि बुमराह ने पहले लाल गेंद के प्रारूप में भारत का नेतृत्व किया है, अपने हालिया प्रदर्शन और शांत नेतृत्व शैली के कारण शीर्ष दावेदार के रूप में उभरे हैं. उन्होंने ने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ 2022 बर्मिंघम टेस्ट और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भारत की कप्तानी की थी. उनके नेतृत्व में, भारत ने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया पर 295 रनों की शानदार जीत हासिल की, जो ऑस्ट्रेलिया में रनों के लिहाज से उनकी सबसे बड़ी जीत थी, और उन्होंने इस साल की शुरुआत में सिडनी टेस्ट में भी टीम की अगुआई की थी, जब रोहित बाहर बैठे थे।

# चौथी तिमाही के नतीजों के बाद टाटा मोटर्स के शेयरों में आई गिरावट

**मुंबई, ए.।** टाटा मोटर्स के शेयर की कीमत में बुधवार को सुबह के कारोबार में 3 फीसदी की गिरावट आई, जो मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद चौथी तिमाही के नतीजों के बाद आई. टाटा मोटर्स ने लाभांश की भी घोषणा की है. जगुआर लैंड रोवर के कमर्शियल व्हीकल निर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार 13 मई को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही (वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही) के दौरान अपने समेकित शुद्ध लाभ में 51.34 फीसदी की साल-दर-साल गिरावट दर्ज की, जो 8,470 करोड़ रुपये थी. कंपनी ने पिछले वर्ष इसी अवधि में 17,407 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था. कंपनी की वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही बिक्री 1,19,502 करोड़ रुपये रही, जो साल-दर-साल 0.4 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी दिखाता है. टाटा मोटर्स, ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय साल-दर-साल 4.1 फीसदी गिरकर 16,700 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एबिटा मार्जिन 60 आधार अंक घटकर 14 फीसदी हो गया. वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान, हालांकि टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 25 के लिए 4,39,695 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.3 फीसदी अधिक था, लेकिन इसका लाभ 11.4 फीसदी गिरकर 27,830 करोड़ रुपये हो गया. टाटा मोटर्स पर ब्रोकरेज की राय विभाजित है, सीएलएसए ने आउटपरफॉर्म रेटिंग और 805 रुपये का मूल्य लक्ष्य बनाए रखा है, जो बुधवार के समापन मूल्य से 14 फीसदी की संभावित वृद्धि का सुझाव देता है. सीएलएसए ने उल्लेख किया कि जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) टैरिफ चिंताओं और व्यापक आर्थिक चुनौतियों के कारण वित्त वर्ष 26 में मांग के बारे में सतर्क है, लेकिन समग्र लक्जरी यात्री वाहन खंड पर इसका कोई खास असर नहीं हो सकता है. इन बाधाओं के बावजूद, जेएलआर को अपने वित्त वर्ष 26 के ईबीआईटी मार्जिन मार्गदर्शन को प्राप्त करने का भरोसा है।

# टेस्ट से संन्यास की खबरों पर फूटा मोहम्मद शमी का गुस्सा

## अफवाह फैलाने वालों को जमकर लताड़ा

**नई दिल्ली, ए.।** भारत के दाएं हाथ के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य के बारे में अटकलें लगाने वाले एक ऑनलाइन न्यूज पोर्टल की जमकर निंदा की है. शमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए एक न्यूज रिपोर्ट की खूब निंदा की है और साफ शब्दों में कहा है कि वह खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट में बने रहेंगे और जल्द ही कहीं नहीं जा रहे हैं. 34 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ने उस रिपोर्ट पर निशाना साधा है, जिसमें संकेत दिया गया था कि शमी संभवतः दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह सकते हैं. मोहम्मद शमी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक न्यूज रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसकी हेडलाइन थी, मोहम्मद शमी रिटायरमेंट~ रोहित शर्मा, विराट कोहली के बाद, भारतीय तेज गेंदबाज टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं. इसके जवाब में शमी ने नीचे शमी लिखा, बहुत बढ़िया किया, महाराज. अपनी जॉब के दिन भी गिन लो कितने दिन बचे हैं. बाद में देख लें हमारा. आप जैसे ने सत्यनाश कर दिया फ्यूचर का. कभी तो अच्छा बोल लिया करें. आज की सबसे खराब स्टोरी सॉरी.



अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अब तक 64 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है. इस दौरान उन्होंने 27.71 की औसत से 229 विकेट लिए हैं. उनका आखिरी टेस्ट जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल था. बता दें कि, वनडे वर्ल्ड कप 2023 में चोटिल होने के बाद यह तेज गेंदबाज लंबे समय के लिए टीम से बाहर हो गया था. लेकिन, इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टी20आई सीरीज के जरिए शमी ने भारतीय टीम में वापसी की. वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे. इंग्लैंड के खिलाफ आगामी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा अगले हफ्ते होने की उम्मीद है. तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के टीम में चुने जाने की पूरी संभावना है, लेकिन, आईपीएल 2025 में शमी का हालिया प्रदर्शन खराब रहा है. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए शमी को मौका मिलता है या नहीं।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर अमर्यादित टिप्पणी से कांग्रेस में आक्रोश

## जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर।** बाइस अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हथियारों से लैस आतंकवादियों ने वहां घूमने पहुंचे दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की गोलियों से भून कर नृशंस हत्या कर दी थी। इस बर्बर नृशंस नरसंहार के बाद भारत सरकार ने प्रभावी कदम उठाते हुये सिन्धु जल सन्धी को तत्काल रूप से निलम्बित किया था और दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलायी थी। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी समेत तमाम संगठनों ने बिना शर्त पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने को लेकर केन्द्र सरकार के साथ खड़े होने की घोषणा की थी। 6 व 7 मई की रात एक से दो बजे के मध्य भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पहलगाम में हुयी बर्बद नरसंहार का बदला लेने के लिए एयर स्ट्राईक की थी। इस कार्यवाही को ऑपरेशन सिन्दूर नाम दिया गया। ऑपरेशन सिन्दूर का नेतृत्व भारतीय सेना की जांबाज कर्नल सोफिया कुरैशी व स्कॉव्डन लीडर व्योमिका सिंह ने संयुक्त रूप से की थी। पाकिस्तान के तमाम इलाकों में भारी बमबारी करते हुये भारत की बेटियों ने कई आतंकी अड्डे नष्ट कर दिये, जिससे पाकिस्तान में भूचाल की स्थिति बनी। इसके बाद करीब दो रात और तीन दिन तक गोलाबारी की स्थिति बनी रही। पाकिस्तान में घुसकर दुश्मन के दांत खट्टे करने में बड़ी कामयाबी हांसिल करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ हाल ही में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा अमर्यादित और अशोभनीय टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी के बाद कांग्रेस में भारी आक्रोश देखा गया। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह के अमर्यादित बयान पर कांग्रेसियों ने आक्रोशित होकर जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में भारत सरकार की



महामहिम राष्ट्पति को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा। कांग्रेसियों ने ज्ञापन में बताया कि भारत की बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गयी टिप्पणी से उनकी भावनाएं आहत हुयीं हैं। भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने बेटी का अपमान कर देश, नारी और सेना का अपमान किया है। उन्होंने ऐसे मंत्री के खिलाफ राष्ट्द्रोह का मुकद्दमा दर्ज कराकर उन्हें तत्काल प्रभाव से मंत्री मंडल से बर्खाश्त किये जाने की मांग उठायी। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में अजय प्रताप सिंह तोमर, पंकज हुण्डैत, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, असलम पठान, खलक सिंह राजपूत, संतोष कुमार राय, मोहन सिंह चंदेल, रामेश्वर सिंह यादव के अलावा अनेकों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# जीआरपी पुलिस ने धर दबोचा शातिर चोर

## ट्रेन में चोरी किया गया मोबाइल फोन हुआ बरामद



**ललितपुर।** ट्रेन से चोरी किये गये पन्द्रह हजार रुपये की कीमत वाले मोबाइल फोन के साथ जीआरपी पुलिस ने एक शातिर बदमाश को देर रात रेलवे स्टेशन से ही धर दबोचा। पकड़े गये बदमाश के साथ चोरी किया हुआ फोन बरामद किया गया। जीआरपी थाना में तैनात उ.नि. लालबहादुर सिंह ने अवगत कराया कि एसपी जीआरपी झांसी के आदेश व सीओ रेलवे के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान जीआरपी ललितपुर पुलिस ने 14 मई की रात करीब साढ़े दस बजे रेलवे स्टेशन से ही शहर के मोहल्ला नदीपुरा निवासी शाजिद खान पुत्र जमील खान को धर दबोचा है।

पकड़े गये शाजिद के पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ रियलमी कम्पनी का चालू हालत में बरामद किया गया। जीआरपी पुलिस ने बताया कि उक्त चोरी किया गया मोबाइल फोन मु.अ.सं.12/25 में धारा 305(सी), 317(2), 317(4) बीएनएस से सम्बन्धित है। जीआरपी पुलिस के अनुसार पकड़े गये शाजिद के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट के अलावा अन्य मामले भी दर्ज हैं। शातिर बदमाश को पकडने वाली जीआरपी पुलिस के टीम में उ.नि. लालबहादुर सिंह, हे.का.परवेज खान, हे.का. मानेन्द्र कुमार, कां.प्रभात कुमार आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव के दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम लरगन निवासी रनधीर सिंह लोधी पुत्र हरीसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 14 मई की शाम करीब 5 बजे उसके पड़ौसी कृपाल सिंह पुत्र जयसिंह, मंगल व राममिलन पुत्रगण धीरज , बी.पी. पुत्र मंगल ने घर में घुसकर उसके पुत्र महेन्द्र, बहू नीलम व बहू विशाखा के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोग गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सो रही महिला से घर में घुसकर अश्लीलता

**ललितपुर।** महरौनी अंतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 7 मई की रात करीब 11 बजे वह घर में अकेली सो रही थी। तभी पड़ौस में रहने वाले दुर्गसिंह पुत्र प्रीतम सिंह घर में घुस आया और अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। शोरगुल करने पर उसकी जिठानी मौके पर आ पहुंची, जिन्होंने उक्त युवक को ललकारा तो वह गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 352, 351 (3) व 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### टाइल्स देखने आये बदमाशों ने काउण्टर से उड़ाये आठ हजार रुपये

**ललितपुर।** महरौनी के कस्बा कंचनपुरा निवासी पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र जगदीश साहू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 12 मई की सुबह करीब 11.15 बजे मड़ावरा रोड स्थित अपनी टाइल्स की दुकान पर बैठा था। तभी दो अज्ञात व्यक्ति टाइल्स लेने के लिए आये, जिस पर उसने एक व्यक्ति को अंदर ले जाकर टाइल्स दिखाने लगा। आरोप है कि काउण्टर के पास खड़ा दूसरे व्यक्ति न उसकी रैक में रखे करीब 8 हजार रुपये चोरी कर लिये। इसकी जानकारी उसे काउण्टर पर आने के बाद सीसीटीवी कैमरा चैक करने के बाद हुयी। बताया कि उक्त लोग बिना टाइल्स खरीदे ही दुकान से भाग गये, जिसके बाद उन्होंने उक्त व्यक्तियों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चला। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर उक्त दोनों अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### हथियारों से लैस दबंगों ने किया हमला

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम एवनी निवासी जमुना पुत्र धनसिंह अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 10 मई की रात करीब 9 बजे वह अपने ही पड़ौस में रहने वाले पप्पू अहिरवार के दरबाजे पर टैन्ट लगा रहा था। तभी मोहल्ले के नीरज, केहर व आजाद पुत्रगण गुडडन व गुडडन पुत्र हरिया अहिरवार एकराय होकर आये और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने बताया कि हमले के दौरान केहर व आजाद हाथ में लाठी लिये हुये थे, जबकि नीरज अपने हाथ में चाकू लिये हुये था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 118 (1), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एक दिवसीय चिह्नाकंन शिविर उन्नीस को

**ललितपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने अवगत कराया है कि विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जिले के समस्त दिव्यांगजनों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा 19 मई को विकास भवन में एक दिवसीय चिह्नाकंन शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। अतएव जिन दिव्यांगजनों को उपकरण की आवश्यकता है और उन्हे विगत तीन वर्षों के अन्दर कोई उपकरण प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे दिव्यांगजन उपरोक्त शिविर में अपने फोटो, आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र की छायाप्रति को साथ लेकर आयें जिससे उन्हें उक्त योजानान्तर्गत नियमानुसार लाभान्वित करने हेतु कार्यवाही की जा सके।

### बाइक की टक्कर से चाचा की मौत पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पटसेमरा निवासी रोहित सिंह पुत्र भगवान सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते बुधवार को अपराह्न करीब 1 बजे उसके चाचा 55 वर्षीय हरनाम सिंह पुत्र स्व.अर्जुन सिंह मोटर साइकिल से ललितपुर आ रहे थे। वह ग्राम मिर्चवारा के पास तक पहुंचे ही थे कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एच. 2012 जिसको ग्राम पड़वा निवासी अंकित कुशवाहा पुत्र राकेश कुशवाहा चला रहा था, ने तेजी व लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके चाचा गंभीर रूप से घायल हो गये। आरोप है कि अंकित ने टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। पीछे से आ रहे गांव के जगदीश पुत्र उदयवीर सिंह व शिवकांत सिंह पुत्र भगवान सिंह ने इस घटना को देखा और एम्ब्युलेंस 108 को सूचित कर मेडीकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उसके चाचा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नाबालिग पुत्री के गुमशुदा होने का मामला दर्ज

**ललितपुर।** निकटवर्ती एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 11 मई को शाम करीब 4 बजे उसकी पन्द्रह वर्षीय नाबालिग पुत्री बिना बताये कहीं चली गयी है। उसकी काफी खोजबीन करने पर भी वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

# चोरी की तीन बाइकों के साथ दबोचे गये तीन शातिर बदमाश

## कोतवाली पुलिस को मिली महत्वपूर्ण सफलता



**ललितपुर।** औने-पौने दामों पर चोरी की गयी मोटर साइकिल बेचने पहुंचे बदमाशों को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर धर दबोचा। यह जानकारी देते हुये उप निरीक्षक प्रशान्त राणा ने बताया कि वह अपने हमराही हे.कां. संजीव कुमार के साथ गश्त करते हुये तुवन चौराहा पहुंचे, जहां मौजूद उ.नि. आलोक सिंह व हे.कां.राघवेन्द्र पाल मिले, जिनसे वह बात कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी की बस स्टैण्ड के पीछे बबूल के जंगल के पास तीन लोग चोरी की बाइकों को औने-पौने दामों पर बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल हरकत में आकर अतिरिक्त पुलिस बल में अंकित कुमार व राहुल सक्सेना को बुला लिया। इसके बाद मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे और रेकी की। तदोपरान्त पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि एक बदमाश भागनें में कामयाब रहा। पकड़े गये बदमाशों ने अपना नाम मोहल्ला घुसयाना निवासी राजवीर पुत्र धर्मेंद्र बुन्देला व विकास पुत्र गोपाल दास सक्सेना बताया। जबकि भागे हुये व्यक्ति का नाम म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत थाना बीना के अम्बेड्कर चौराहा के पीछे निवासी जावेद पुत्र मजीद खान बतया गया।

बदमाशों ने बताया कि वह मोटर साइकिलें चोरी की हैं, जिनमें एक बाइक वर्णी कॉलेज से चोरी की थी, वहीं मध्य प्रदेश से चोरी कर लायी गयी बाइक बेचने की फिराक में थे। आगे बताया कि कुछ दिन पहले ग्राम झरकौन निवासी ऋतिक उर्फ छोटेलाल पुत्र रामस्वरूप रैकवार को नहर के पास रावतयाना को एक बाइक बेची थी। वहीं भागे हुये जावेद को भी हिरासत में ले लिया। पकड़े गये बदमाशों के पास से तीन मोटर साइकिलें भी बरामद की गयीं। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 317 (2) व 317 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

## श्रीमद भागवत कथा में झूमे श्रद्धालु



**ललितपुर।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित स्कूल के समीप 12 मई से चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन श्रीअयोध्याधाम से आये महामंडलेशवर अमरदासजी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई। पंडाल में भगवानके जन्म लेते ही चारों ओर हर्ष व्याप्त हो गया। भक्तों ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन पर नृत्य करके अपनी भावना प्रकट की। पालना झुलाने की होड़ रही। महाराज ने कहा कि भगवान का धरती पर अवतरण विशेष प्रयोजन से होता है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह बुंदेला, मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिनेश पाठक, मुख्य यजमान पार्षद पुष्पा अरविंद राजा, पुजारी अवध बिहारी उपाध्याय, बृजभूषण कटारे, हरीनारायण चौबे, कमलेश शास्त्री, अक्षय बोहरे, अशोक श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, राजीव गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह बुंदेला, मनीष श्रीवास्तव, भरत दुबे सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

# बिरारी-टीकमगढ़ रेल सेक्शन में स्टोन पेल्टिंग रोकथाम पर जागरूकता अभियान

## कचनौंदाकलां विद्यालय में हुआ आयोजन



**ललितपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (रे.सु.ब.) पोस्ट द्वारा बिरारी-उदयपुरा स्टेशन के मध्य स्थित ग्राम कचनोंदाकलां के उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्टोन पेल्टिंग (ट्रेन पर पत्थर फेंकने) की घटनाओं की रोकथाम हेतु एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और ग्रामीणों को रेलवे सुरक्षा के प्रति सचेत करना था। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक अर्जुन कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक अतुल कुमार शर्मा, प्रधान आरक्षक हरिकिशन सिंह यादव और प्रधान आरक्षक सत्यनारायण यादव ने विद्यालय में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए समझाया कि रेलवे लाइन पर न जाएं, उसके आस-पास जानवर न ले जाएं, किसी भी ट्रेन में पत्थर न मारें, रेलवे लाइन पर पत्थर न रखें और घर से स्कूल आने-जाने हेतु रेलवे लाइन के बगल से न जाएं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई बच्चा या व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र जैन ने आश्वासन दिया कि वे इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि बच्चे रेलवे लाइन के पास न जाएं। उन्होंने रे.सु.ब. के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान बच्चों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होंगे। यह अभियान रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया था। इस पहल का उद्देश्य बच्चों और ग्रामीणों को रेलवे सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और स्टोन पेल्टिंग जैसी घटनाओं की रोकथाम करना है। इस प्रकार के जागरूकता अभियान भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि रेलवे सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और यात्रियों की सुरक्षा में कोई बाधा न आए।

# ललितपुर की विदुआ कॉलोनी में टूटी पाइपलाइन से बह रहा पानी

## जल संस्थान और नगर पालिका की लापरवाही उजागर



**ललितपुर।** नगर की बिंदुआ कॉलोनी में नगर पालिका परिषद और जल संस्थान की लापरवाही का बड़ा उदाहरण सामने आया है। कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर टूटी हुई पाइपलाइन से लगातार पानी बह रहा है, जिससे सड़क की स्थिति बदतर हो गई है। कीचड़ और पानी से न केवल राहगीर परेशान हैं, बल्कि स्थानीय निवासी भी गंभीर असुविधा का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका और जल संस्थान द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्र में गर्मी चरम पर है, और ऐसे समय में पानी का इस तरह व्यर्थ बहना जल संकट को और गंभीर बना सकता है। उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1916 और जल आपूर्ति तथा जल निकासी नियमों के तहत यह कर्तव्य है कि सार्वजनिक पाइपलाइनें समय-समय पर निरीक्षित और मरम्मत की जाएं। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता से नियमों की अनदेखी हो रही है। स्थानीय निवासी आशा कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करेगा और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। तस्वीरों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि पाइपलाइन के फटने से सड़क पर लगातार पानी बह रहा है, जिससे कीचड़ और दुर्गंध की स्थिति उत्पन्न हो गई है। निवासियों की मांग है कि शीघ्र सुधार कार्य शुरू कर इस व्यर्थ जल बहाव को रोका जाए और क्षेत्र को जलसंकट तथा स्वास्थ्य संकट से बचाया जाए।

# कलेक्टर ने खाद एवं बीज उठाव को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

## खाद बीज को लेकर किसानों ना हो कोई दिक्कत, समय पर पर्याप्त भंडारण हो: कलेक्टर डॉ सिंह



**रायपुर 15 मई 2025/** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जिले में खाद बीज के उठाव को लेकर संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन का लक्ष्य तय करें और खाद और बीज का उठाव लक्ष्य कर सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कृषि तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो। उन्होंने कहा कि किसानों से आग्रह किया जाए की अभी से खाद और बीज का उठाव किया जाए।

उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के नियमों को आसान कर अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलाने के भी निर्देश समिति के कर्मचारियों को दिये। कृषि विभाग के मैदानी अमला और अधिकारी को निरंतर अपने-अपने क्षेत्र का दौरा करने के साथ किसानों सें संपर्क रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि खाद-बीज के भंडारण व उठाव पर निगरानी रखें। इस बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, उप संचालक कृषि के.के कश्यप, सहकारी बैंक की सीईओ श्रीमती अपेक्षा व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


# माओवादियों की शांति वार्ता की पेशकश पर गृह मंत्री विजय शर्मा का सख्त रुख

**रायपुर, कासं.।** माओवादी संगठन की ओर से एक बार फिर शांति वार्ता की पेशकश पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने साफ शब्दों में कहा है कि बातचीत उसी स्थिति में संभव होगी, जब माओवादी स्वयं सामने आकर पहल करेंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि जो लोग बस्तर के संघर्ष और पीड़ा में कभी साथ नहीं खड़े हुए, वे आज शांति की बात करें तो यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। गृह मंत्री शर्मा ने कहा कि कुछ संस्थाएं और व्यक्ति वार्ता का प्रस्ताव लेकर आ रहे हैं, लेकिन ये वही लोग हैं जो कभी चिंगावरम, घोड़ा गांव, एर्राबोर, दरभा गुड़ा, ताड़मेटला और झीरम घाटी जैसी घटनाओं में मारे गए निर्दोष आदिवासियों के पक्ष में सामने नहीं आए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इन भयावह घटनाओं में आदिवासी मारे गए और छत्तीसगढ़ के नेताओं पर हमले हुए, तब इन लोगों की संवेदना कहां थी? उन्होंने यह भी कहा कि मणिकोंटा, रानीबोली और ताड़मेटला जैसे स्थानों की त्रासदियों पर भी इन लोगों की चुप्पी रही। अब अचानक सामने आकर वे यह निर्देश देने लगे हैं कि राज्य और केंद्र सरकार को क्या करना चाहिए। गृह मंत्री ने साफ किया कि इस तरह से किसी संस्था या व्यक्ति के माध्यम से बातचीत नहीं की जा सकती। विजय शर्मा ने कहा कि अगर माओवादी सच में वार्ता करना चाहते हैं, तो सरकार उनसे बात करने को तैयार है। ना केंद्र सरकार और ना ही राज्य सरकार हिंसा चाहती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अपील भी यही है कि माओवादी मुख्यधारा में लौटें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कोई हार-जीत की बात नहीं है, माओवादी भी भारत के ही नागरिक हैं, जो रास्ता भटक गए हैं। उन्हें पुनर्वास का मौका दिया जाएगा, मान-सम्मान के साथ मुख्यधारा में लौटने के लिए सरकार पूरी तरह तैयार है।

छत्तीसगढ़ सरकार अब 'आत्मसमर्पण' शब्द का इस्तेमाल नहीं करती, बल्कि 'मुख्यधारा में लौटना' कहती है। शर्मा ने यह भी बताया कि माओवादियों की ओर से आई चिट्ठी की प्रमाणिकता की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले हैदराबाद में बैठकें हुई थीं, जिनमें कुछ निजी और संस्थागत लोग शामिल थे। अब वही लोग सरकार को दिशा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि बस्तर की पीड़ा में वे कभी साझेदार नहीं बने। अंत में गृह मंत्री ने दोहराया कि बस्तर के हर कोने तक संविधान और विकास पहुंचाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये तैयार हो रहा है ग्वालियर जिले का पर्यटन मास्टर प्लान

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने देखा प्रजेंटेशन, सुझाव भी दिए



**ग्वालियर।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये ग्वालियर जिले का पर्यटन मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पर्यटन से संबंधित मास्टर प्लान का प्रजेंटेशन देखा। साथ ही मास्टर प्लान को और बेहतर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय भी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने प्रजेंटेशन के दौरान कहा कि ग्वालियर किले के आसपास सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर ई-रिक्शा व स्थानीय विक्रेताओं के उत्पादों को प्रोत्साहित करने की बात कहीं। साथ ही साइकिल ट्रैक्स व साइकिल समूहों को चिन्हित कर साइकिल पर्यटन को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से तानसेन समारोह जैसे कार्यक्रमों की तर्ज पर त्रैमासिक कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव भी दिया।

परियोजना समन्वयक श्री देव आदित्य जैन ने स्वदेश दर्शन 2.0 परियोजना के अंतर्गत ग्वालियर जिले में पर्यटन गतिविधियों एवं मास्टर प्लान के बारे में विस्तृत प्रजेंटेशन दिया । प्रजेंटेशन के दौरान बताया गया कि ग्वालियर की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के आधार पर ग्वालियर का पर्यटन मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें विरासत, सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिकीय पर्यटन को एकीकृत रूप में शामिल किया जा रहा है। प्रजेंटेशन के दौरान बताया गया कि ग्वालियर के पर्यटन मास्टर प्लान में हॉप-ऑन-हॉप-ऑफ बस सेवाएँ, पर्यटक ट्रैक मार्ग, मोबाइल टॉयलेट वैन, रात्रिकालीन पर्यटन पार्किंग, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र की पहल, पर्यटन शिक्षा छात्रवृत्ति इत्यादि को शामिल किया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान

## स्थानीय बरसाती नदी के संरक्षण के लिए श्रमदान



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले के विकास खंड भितरवार में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्थानीय बरसाती नदी के संरक्षण के लिए श्रमदान किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत कैथी और भेंगना के बीच बरसाती नदी पर युवाओं ने श्रमदान किया। साथ ही संचार युवा मंडल के पदाधिकारियों ने भी श्रमदान में सहभागिता की। इस कार्यक्रम के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों के संरक्षण और जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया गया। जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अधिकारी श्री मनोज दुबे ने कहा कि नदियों का संरक्षण जीवन के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर सर्वश्री योगेश शर्मा, चरन सिंह परिहार, विजय सविता, भानू पलिया, कन्हैया सेन, गजेन्द्र शर्मा, दीपक जायसवाल, हेमंत शर्मा, धर्मेन्द्र कुशवाह सहित अनेक लोगों ने नदी संरक्षण के लिए श्रमदान में सहभागिता की।

# 16 वाहनों से वसूला लगभग 71 हजार रुपए का जुर्माना, 4 वाहन जब्त

## बिना परमिट व फिटनेस के चल रहे वाहनों के खिलाफ विशेष मुहिम जारी



**ग्वालियर।** बिना परमिट व फिटनेस के चल रहे वाहनों के खिलाफ जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत गुरुवार को राजस्व, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहर में गोला का मंदिर चौराहा एवं सूर्य नमस्कार तिराहा पर वाहनों की जाँच की गई। इस दौरान खासतौर पर यात्री व स्कूल वाहनों के परमिट व फिटनेस दस्तावेजों की जाँच कर कार्रवाई की गई। जाँच के दौरान ओवर लोडेड व डिजिट नम्बर प्लेट न पाए जाने पर 16 यात्री / स्कूली वाहनों से लगभग 71 हजार रूपए का जुर्माना वसूला गया। साथ ही बगैर फिटनेस व परमिट के मिले 4 वाहन जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में खड़े कराए गए हैं। इन वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत भी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। गुरुवार को वाहनों की जाँच के लिये निकली संयुक्त टीम में जिला परिवहन अधिकारी श्री विक्रमजीत सिंह कंग, तहसीलदार श्री कुलदीप दुबे, नायब तहसीलदार श्री संजय अग्रेया तथा सर्वश्री प्रदीप महकाली, हरनाम सिंह, यातायात प्रभारी पूर्व क्षेत्र श्री अभिषेक रघुवंशी व परिवहन निरीक्षक श्री प्रदीप नाहर तथा थाना प्रभारी शामिल थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बगैर परमिट व फिटनेस के चल रहे वाहनों के खिलाफ यह मुहिम लगातार जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# ग्वालियर जिले की 3,08,579 लाड़ली बहनाओं के खातों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहुँचाई

## 37.95 करोड़ से अधिक धनराशि

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को सीधी जिले के गोपदबनास (सीधी खुर्द) में आयोजित हुए कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के जरिए ग्वालियर जिले की लाड़ली बहनाओं के खातों में भी धनराशि पहुँचाई। उन्होंने लाड़ली बहना योजना के तहत ग्वालियर जिले की 3 लाख 08 हजार 579 बहनाओं के खातों में लगभग 37 करोड़ 95 लाख 34 हजार रूपए से अधिक धनराशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कार्यक्रम से कुल मिलाकर प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनाओं के खातों में मई माह की किस्त के रूप में 1552 करोड़ 38 लाख रूपए की राशि अंतरित की। जिसमें ग्वालियर जिले की लाड़ली बहनाएं भी शामिल हैं। ग्वालियर जिले की लाड़ली बहनाओं ने वेबकास्टिंग के जरिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में सीधी में आयोजित हुए कार्यक्रम को देखा। साथ ही सिंगल क्लिक के जरिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा अंतरित की गई धनराशि की प्रक्रिया की साक्षी भी बनी।

# मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित, लिए गए अनेक निर्णय



**ग्वालियर।** मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर डॉ.शोभा सतीश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। बाल भवन स्थित टीएलसी में आयोजित बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्री नाथूराम ठेकेदार, श्री शकील मंसूरी, श्रीमती प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, श्रीमती लक्ष्मी गुर्जर, श्रीमती संध्या सोनू कुशवाह, श्रीमती उपासना संजय यादव, श्रीमती गायत्री मंडेलिया, नगर निगम आयुक्त श्री संघप्रिय, अपर आयुक्त श्री मुनीश सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शासकीय सेवकों को (सातवें वेतनमान पर) महंगाई भत्ता में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही शासकीय सेवकों को (छठवें वेतनमान पर) महंगाई भत्ता में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में निगमायुक्त का प्रतिवेदन स्वीकृत किया गया। साथ ही पेंशनरों को पेंशन पर महंगाई राहत स्वीकृति के सम्बन्ध में निगमायुक्त का प्रतिवेदन स्वीकृत किया गया। आउटसोर्स मैन पावर उपलब्ध कराने वाली एजेन्सी राज सिक्योरिटी फोर्स भोपाल की कार्यावधि बढ़ाये जाने के संबंध में निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत प्रकरण वापिस किया गया तथा परिषद के ठहराव का पालन करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही याचिका क्रमांक 9096/2024 में माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 16.04.2025 के पालन में नगर निगम ग्वालियर अन्तर्गत्त रिक्त सीधी भर्ती (नियमित/ संविदा) के पदो के विरुद्ध भर्ती की कार्यवाही की स्वीकृति के संबंध में प्राप्त निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव की स्वीकृति के साथ ही कहा गया कि स्थापना व्यय 65 प्रतिशत ही रहे तथा चुंगी छति पूर्ति की राशि बडाये जाने हेतु शासन को पत्र लिखा जाए। अमृत 2.0 के तहत नगर ग्वालियर के लिये पेयजल प्रदाय हेतु अनुमोदित परियोजना लागत धनराशि 414.12 करोड़ (विथ जी.एस.टी.) में प्रस्तावित कार्य कराने एवं प्रस्तावित कार्य पूर्ण होने के उपरान्त परियोजना में सम्मिलित समस्त कार्य का 05 वर्ष कार्यों के संचालन व संधारण का कार्य कराये जाने के लिये प्राक्कलित धनराशि 62.423 करोड़ एवं 18 प्रतिशत के मान से आंकलित धनराशि 11.235 करोड़ सहित कुल धनराशि रुपये 73.658 करोड़ का कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रण की स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही पेट्रोल एवं सी.एन.जी. सेनानी 02वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर (म.प्र.) से 01 वर्ष के लिये क्रय किये जाने हेतु अनुमानित राशि रुपये 1,38,90,000 रूपये की स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि निविदा प्रक्रिया समानांतर चलाई जाए तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने तक अथवा एक वर्ष की स्वीकृति प्रदान की जाती है। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन क्रय कर संचालन एवं संधारण कार्य फर्म मै. नेचर ग्रीन टूल्स एण्ड मशीन प्रा.लि. की न्यूनतम दर 41.35 प्रतिशत कमी पर कराये जाने हेतु राशि रुपये 2,58,78,928.92 जी.एस.टी. राशि रुपये 46,58,207.20 कुल राशि रुपये 3,05,37,136.12 के व्यय की स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई।

साथ ही एयरपोर्ट अथॉरिटी की बाउण्ड्रीवाल की पैरीफेरी से एयरफोर्स बाउण्ड्रीवाल तक स्टॉर्म वाटर नाला निर्माण पुनरीक्षित कार्य के लिये पुनरीक्षित प्राक्कलन राशि रुपये 13,27,30,908 मय जी.एस.टी. पर उक्त कार्य हेतु दर 26.99 प्रतिशत कमी पर कराये जाने हेतु राशि रुपये 9,69,06,836 की स्वीकृति एवं दिनांक 30.07.2025 तक समय वृद्धि किये जाने की स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना द्वितीय चरण अन्तर्गत कार्यों की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही कायाकल्प योजनान्तर्गत शेष बची राशि से सी-आरएपी अनुमोदन बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई।

# महापौर लोकमंत्रणा में आए हितग्राहियों की समस्याएं सुनकर महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**ग्वालियर।** महापौर लोकमंत्रणा के दौरान आने वाले हितग्राहियों की समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण हो इसके लिए संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। उक्ताशय के निर्देश महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने महापौर लोकमंत्रणा में संबंधित अधिकारियों को दिए। लोकमंत्रणा में मेयर इन काउंसिल की सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्री नाथूराम ठेकेदार, श्री शकील मंसूरी, श्रीमती प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, श्रीमती गायत्री मंडेलिया, विधायक प्रतिनिधि श्री जंडेल यादव, अपर आयुक्त श्री अनिल दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर लोकमंत्रणा में वार्ड 29 महलगांव सोनी हलवाई की गली हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री कल्लू बरार ने बताया कि श्री चंद्रभान माहौर ने सार्वजनिक गली पर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया है, जिस पर सुनवाई करते हुए महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित भवन अधिकारी को स्थल निरीक्षण कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही वार्ड 27 अकबगंज घासमंडी मुरार निवासी श्री अमृतलाल झा ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे मकान के रास्ते को बंद करवाकर निर्माण कार्य कर लिया है। जिस कारण प्रार्थी को निकलने में बडी परेशानी हो रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित क्षेत्राधिकारी को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

इसके साथ ही वार्ड 19 कुंज विहार कॉलोनी फेस-2, निवासी श्री हीरा सिंह भदौरिया ने खराब टूटी सडक को बनवाये जाने एवं चौकी सीवर को ठीक कराये जाने के संबंध में अपना आवेदन महापौर को दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित उपायुक्त पीएचई को स्थल निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अनेक समस्याओं के आवेदन महापौर डॉ. सिकरवार को दिए। जिस पर सुनवाई करते हुए महापौर ने समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।


# आपदा प्रबंधन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशन में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के आदेशानुसार नागरिक सुरक्षा वॉलंटियर्स को आपदा संबंधी एवं नागरिक सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण पोरसा तहसील के एक निजी कॉलेज में दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम अम्बाह श्री रामनिवास सिकरवार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित एसडीआरएफ की टीम के श्री सौरभ त्रिपाठी एवं कर्मचारियों मौजूद थे। प्रशिक्षणार्थियों को आपदा प्रबंधन, इमरजेंसी रेस्क्यू मेथड्स, प्रथमोपचार, अग्नि आपदा प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण दिया गया। आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण होमगार्ड विभाग, प्रथमोपचार का प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग, अग्नि प्रबंधन का प्रशिक्षण नगर परिषद द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में पोरसा तहसील से 250 वॉलंटियर्स द्वारा प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण नगर पालिका पोरसा, जनपद पंचायत पोरसा के अधिकारियों, कर्मचारियों को दिया गया।इसके पश्चात द्वितीय पाली में नगर पालिका अम्बाह और जनपद पंचायत अम्बाह के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# (सफलता की कहानी)

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना की मदद से चार वर्ष की बच्ची के दिल में छेद का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन





**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले के नूराबाद कस्बे में स्थित ग्राम जरेरुआ के निवासी सचिन कुशवाह की पुत्री के दिल में छेद का उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चलने वाली आरबीएसके योजना से साकार हुआ है।कु. रोशनी के पिता सचिन बताते हैं कि उनकी बेटी के जन्म के समय ही उसकी तबीयत ख़राब रहती थी इलाज़ के दौरान उन्हें पता चला कि रोशनी के दिल में छेद है , इस बीमारी को कंजेनाइटल हार्ट डिसीज के नाम से भी जाना जाता है।सचिन बताते है कि मैं मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता हूं।इतनी बड़ी बीमारी का इलाज कराने के लिए वह आर्थिक रूप से सक्षम नहीं थे।वह बताते है कि 15 अक्टूबर को ग्राम जरेरूआ आंगनवाडी केन्द्र पर डॉ. कृष्णकांत शर्मा ने बच्ची को देखा।बच्ची को देखने के बाद उन्होंने हमें बुलाया और बच्ची की बीमारी के बारे में जानकर बच्ची को जांचों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में संचालित लैब में भेजा गया।उसके बाद बच्ची का जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डी.ई.आई.सी) मुरैना में 18 अक्टूबर 2024 को पंजीयन हुआ।बच्ची को देखने के पश्चात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप राठौर ने बच्ची के ऑपरेशन की सलाह दी। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डी.ई.आई.सी) मुरैना के प्रबंधक श्री रामकुमार गोयल ने बच्ची के पिता श्री सचिन कुशवाह को ईको की जांच व अन्य सलाह के लिये जेएच हॉस्पीटल कार्डिओलॉजी विभाग में भेजा । उसके बाद बच्ची रोशनी कुशवाह की काउन्सलिंग सोशल वर्कर श्री परशराम पाराशर द्वारा की गई।बच्ची का प्रकरण आयुष्मान योजना द्वारा तैयार कर बच्ची का पूरा इलाज,ऑपरेशन निःशुल्क सरकार द्वारा सुपर मल्टी स्पेशलिटि अस्पताल श्री अरविन्दो मेडिकल कॉलेज प्राईवेट हॉस्पीटल इन्दौर में करवाया गया। बच्ची रोशनी कुशवाह का निःशुल्क ऑपरेशन 07 मई 2025 को सुपर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल अरविन्दो मेडिकल कॉलेज इन्दौर मे सफलता पूर्वक हो गया चुका है ।आज बच्ची स्वस्थ्य है। बच्ची रोशनी के माता-पिता राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यकम की सरहाना करते हुए वह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सरकारी लाभकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

# खाद्यान्न पर्ची की ई-केवायसी 30 मई तक अधिकारी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

## जिले में अभी भी 241070 हितग्राही ई-केवायसी के लिए शेष, लापरवाही बरतने वाले सबलगढ़, पोरसा और जौरा जनपद सीईओ एवं जेएसओ को नोटिस जारी, झुंडपुरा, जौरा और कैलारस के सीएमओ की प्रगति ठीक नहीं, तीनों को कारण बताओ नोटिस




**मुरैना,कांस।** प्रदेश सरकार द्वारा राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य 30 मई तक पूर्ण किया जाना है।जिसके तहत जिले में 14 लाख 2 हजार 552 हितग्राहियों में से आज तक 11 लाख 61 हजार 482 हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह प्रगति मात्र 83 प्रतिशत है।30 मई तक 2 लाख 41 हजार 70 हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने का लक्ष्य अधिकारियों के सामने है। यह बात कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने गुरूवार को बैठक के दौरान अधिकारियों से कही।इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद सहित ई-केवायसी कार्य में लगे संबंधित अधिकारी एवं जेएसओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने समीक्षा में पाया कि ई-केवायसी कार्य में जनपद सीईओ एवं जेएसओ द्वारा फील्ड में भ्रमण कर दुकानदारों को हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिये प्रेरित नहीं किया गया।इस कारण जिले की प्रगति कम हुई है।कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सबलगढ़, पोरसा और जौरा जनपद सीईओ एवं जेएसओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार झुंडपुरा, जौरा और कैलारस नगरीय निकायों के सीएमओ द्वारा इस कार्य में कोई रूचि नहीं ली गई है, इस कारण लक्ष्य पूर्ण नहीं हो पाया।संबंधित तीनों अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की राशन की दुकान पर ई-केवायसी का कार्य 30 मई तक पूरा किया जाना है,यह कार्य 30 मई तक नहीं हुआ तो वह हितग्राही राशन प्राप्त करने से वंचित रह सकता है। इसलिये अधिकारियों को 4-5 राशन की दुकान पर प्रतिदिन भ्रमण कर दुकानदार को समझाईश दें कि शेष बचे हुये हितग्राहियों की ई-केवायसी लक्ष्य के अनुसार प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर जल्द पूर्ण करे।उन्होंने कहा कि प्रतिदिन दुकानदार द्वारा कराये गये ई-केवायसी कार्य के बारे में दूरभाष पर जानकारी लें, लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण होना चाहिये। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी कार्य राशन दुकानदार पर पीओएस मशीन के द्वारा ही किया जायेगा। इसलिए अधिकारी अधीनस्थ कर्मचारियों को यह संदेश दें कि एक भी राशन प्राप्त करने वाले हितग्राही ई-केवायसी से वंचित नहीं रहने चाहिए।उन्होंने कहा इस कार्य को समय में पूरा करने के लिये पंचायत सचिव, जीआरएस, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षक आदि का सहयोग लिया जा सकता है और उन्हें बिठाकर समझाईश दे कि हर हितग्राही ही ई-केवायसी होना अनिवार्य है।

# दिन-दहाडे हत्या एवं हत्या का प्रयास करने वाले आरोपीगण को मिला आजीवन कारावास

**मुरैना,कांस।** माननीय विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट) मुरैना के न्यायालय द्वारा थाना जौरा के जघन्य सनसनीखेज अपराध में अनुसूचित जाति के व्यक्ति की हत्या एवं अन्य आहतगण की हत्या के प्रयास में आरोपीगण कल्लू उर्फ रामकिशोर, शिवराज, राजेश, रामराज, मुकेश, प्रदीप, सुरेन्द्र एवं रवि को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री अब्दुल नसीम, प्रभारी उप-संचालक (अजाक) मुरैना एवं श्री इन्द्रेश कुमार प्रधान, विशेष लोक अभियोजक, मुरैना द्वारा की गई। जनसंपर्क अधिकारी (अभियोजन) श्री इन्द्रेश कुमार प्रधान ने बताया कि दिनांक 07.08.2019 को अस्पताल चौकी मुरैना में आहत फरियादी सुभाष सिंह उर्फ पप्पू सिकरवार ने रिपोर्ट लिखाई कि दिनांक 07.08.2019 को लगभग शाम 06:40 पर अपने एस.यू.व्ही. वाहन से जौरा से मुरैना आ रहा था।

मेरे साथ वाहन में जगन्नाथ सिकरवार, शिवचरन शाक्य जनपद पंचायत जौरा तथा सतेन्द्र सिकरवार निवासी जौरा के बैठे हुये थे। वाहन को मेरा बेटा सौरभ चला रहा था। जैसे ही हम लोग बिलगांव की पुलिया से आगे चले, तभी एक स्कॉर्पियो वाहन सफेद रंग एवं एक बुलेरो सफेद रंग ने ओवरटेक करके वाहन में टक्कर मारकर रोक दिया, स्कॉर्पियो ने पीछे से रास्ता रोक लिया तथा बुलेरो ने आगे से रास्ता बंद कर लिया। दोनों वाहन से अचानक फायरिंग होने लगी, आगे वाले वाहन से आरोपी रामराज हाथ में बंदूक लेकर उतरा और स्कॉर्पियो से आरोपीगण कल्लू उर्फ रामकिशोर, प्रदीप सिकरवार, शिवराज सिकरवार बंदूक एवं कट्टे आदि लेकर उतरे। सभी लोगों ने मिलकर मुझे और वाहन में बैठे अन्य लोगों को जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग कर दी।

# जिला चिकित्सालय में आयुष्मान भारत निरामय योजना के पात्र हितग्राहियों की डायलिसिस मुफ्त



**मुरैना,कांस।** सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया है कि जिला चिकित्सालय में आयुष्मान भारत निरामय योजना के पात्र हितग्राहियों की डायलिसिस मुफ्त की जाती है। जिससे मरीजों को जीवन जीने की नई उम्मीद मिलती है और डायलिसिस शरीर को संतुलित रखता है। शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते है। एमडी डॉ. योगेश तिवारी ने बताया कि डायलिसिस एक उपचार है, जो गुर्दे की विफलता में मदद करता है। जब गुर्दे रक्त को ठीक से साफ नहीं कर पाते, जब डायलिसिस द्वारा रक्त से अपशिष्ट तरल पदार्थ निकालने में मदद मिलती है। जिससे शरीर में विषैले पदार्थ का जमाव कम होता है। डायलिसिस द्वारा व्यक्ति जीवन जी सकता है। डिप्टी मीडिया ऑफिसर श्रीमती रामलली माहौर ने ओपीडी वार्ड में प्रचार-प्रसार द्वारा आने वाले लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि डायलिसिस की आवश्यकता तब पड़ती है, जब गुर्दे या किडनी काम करना बंद कर देते हैं। जिसके सामान्य लक्षण सांस लेने में तकलीफ़, थकान, मांशपेशियों में ऐठन, उल्टी, उच्च रक्तचाप आदि होते है। आरएमओ डॉ. डीएस यादव ने आमजन से अपील की है कि शरीर को संतुलित रखने और लम्बी उम्र जीवन जीने हेतु डायलिसिस का लाभ अवश्य लें।

# क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रहेगी : मुख्यमंत्री

## जनजातीय सम्मेलन में दी 68 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## धौहनी विधानसभा के लिए खोला सौगातों का पिटारा

**भोपाल ब्यूरो।**





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार गरीब और जनजातीय भाइयों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने हर आदमी का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है। विन्ध्य से मेरा आत्मीय नाता है। इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीधी जिले के धौहनी विधानसभा क्षेत्र में मझौली में आयोजित विशाल जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धौहनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेती और किसान को समृद्ध करने के लिए हमारी सरकार ने पिछले 20 सालों में प्रदेश में सिंचाई का रकबा 7 लाख हैक्टेयर से बढ़ा कर 65 लाख हैक्टेयर कर दिया गया है। इसे अगले 4 सालों में 1 लाख हैक्टेयर तक बढ़ाया जायेगा। सरकार सोलर पम्प योजना से किसानों को बिजली के बिल से राहत देने का प्रयास कर रही है। सोलर सयंत्र लगाने पर किसान को मुफ्त मे बिजली मिलेगी तथा अतिरिक्त बिजली बेचकर आमदनी भी होगी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10वीं में टॉप करने वाली क्षेत्र की बेटी प्रज्ञा जायसवाल एवं प्रदेश में 12वीं मैरिट मे आने वाली बेटी को 1-1 लाख रूपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल लोक कलाकारों को 10 -10 हजार रूपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर में दुनिया को अपनी ताकत दिखा दी है। उन्होंने कहा कि जो हमारी ओर आँख उठाएगा, उसको हमारी सेना करारा जबाव देगी। विन्ध्य के थल सेना अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष के नेतृत्व में ऑपरेशन सिन्दूर पूरी तरह से सफल हुआ। इनके शौर्य और पराक्रम ने पूरे विश्व में विन्ध्य का मान बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाणसागर बांध से मझौली सिंचाई योजना मंजूर की जाती है। मझौली में स्टेडियम तथा जनपद कार्यालय में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जायेगा। नगर परिषद मझौली में पुराने बस स्टैण्ड से नये बस स्टैण्ड तक सड़क का शीघ्र निर्माण किया जायेगा। मझौली के कला और वाणिज्य कॉलेज का उन्नयन होगा। मझौली, मड़वास तथा कुसमी में पोस्टमैट्रिक छात्रावास बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में कुंदौर, कोटा, पिपराही, डेबा तथा धुपखेडा में अनुसूचित जनजाति छात्रावास बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंगरौली जिले के साजापानी से झारी तथा गढईगांव से भरसेडी तक सड़क का निर्माण होगा। परीक्षण के बाद निवास चौकी का थाने मे उन्नयन किया जायेगा। निवास में महाविद्यालय बनाया जाएगा। क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों का भी उन्नयन किया जायेगा। सीधी तथा सिंगरौली को मिलाकर बैगा विकास प्राधिकरण बनाया जायेगा। संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र के गांवों के विस्थापन की समस्याओं को संवाद और समन्वय से हल किया जायेगा।

# राजमाता माधवीराजे सिंधिया की प्रथम पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**ग्वालियर,नसं.।** कैलाशवासी राजमाता माधवीराजे सिंधिया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर छत्री पर राजमाता माधवीराजे सिंधिया की तस्वीर पर पुष्पांजली अर्पित की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा शहर अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, सभापति मनोज तोमर, पूर्व अध्यक्ष अभय चौधरी, कमल माखीजानी, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल उपस्थित थे। मुरार सात नंबर चैराहे पर सुरेन्द्र परमार द्वारा फलों का वितरण किया गया। हिमांशु शिल्पा खत्री द्वारा आदर्श कालोनी में रक्तदान का शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 41 लोग ने रक्तदान किया। सायं को गुड्डू वारसी, रूचिका श्रीवास्तव, प्रियंका गर्ग, डॉ. नरेश देव, मुक्तेश जैन द्वारा गायों को घास खिलाकर गौ सेवा की गई। सुरेश पहलवान द्वारा अचलेश्वर मंदिर पर गरीब लोगों को भोजन वितरित किया गया।



छत्री में दरिद्र नारायण लोगों को भोजन कराया गया। अमर कुटे द्वारा स्वर्ग आश्रम में 100 लोगों को भोजन करवाय गया। छत्री में सायं को भजन संध्या में शिवपुरी के प्रसिद्ध भजन गायक अशोक मोहिते द्वारा भजन प्रस्तुत कर स्वरांजली अर्पित की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री मायासिंह, ध्यानेन्द्र सिंह, प्रशांत महेता, वीरेंद्र गंगवाल, विधायक मोहन सिंह राठौर, प्रशांत गंगवाल, रामनारायण मिश्रा, गुड्डू वारसी, सुरेंद्र शर्मा सरपंच, सुरेन्द्र चच्चू, विजय गर्ग, आशीष अग्रवाल, नवीन परांडे, आनंद सावंत, आशीष प्रताप सिंह राठौर आदि शामिल हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**अलीगढ़,ब्यूरो।**



जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, विद्युतीकरण एवं फर्नीचर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समग्र शिक्षा अभियान के तहत निर्माणाधीन भवनों, स्मार्ट क्लास, वर्चुअल लैब एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं में विलंब पाए जाने पर संबंधित का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने शासकीय विद्यालयों में नामांकन की समीक्षा में पाया कि अब तक 190580 नामांकन हुए हैं, जबकि 2024-25 में 219847 बच्चों के नामांकन हुए थे। उन्होंने नामांकन की संख्या घटने पर नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया कि किसी भी दशा में ड्रॉपआउट दर शून्य के करीब लाई जाए। ईंट-भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन करते हुए समुदाय एवं अभिभावकों को अधिकाधिक जागरूक किया जाए। विद्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकें करने एवं अभिलेखों को अद्यतन रखने के भी निर्देश दिए गए। विभागीय प्रगति से असंतुष्ट नजर आए जिलाधिकारी ने बीएसए एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि दिए गए निर्देशों का अनुपालन कराया जाए।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।